* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 मई, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 193

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का किया उद्घाटन






आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 80,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस के लिए आत्मघाती होगा बजरंग दल पर प्रतिबंध

## ■ कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी होने लगा विरोध

## ■ गले में जहरीला सांप अभी लटका ही पड़ा है और अब बजरंग दल का मुद्दा गरमा गया

## ■ विधानसभा तो छोड़िये, अब लोकसभा चुनाव में भी इसका दिख सकता है असर

कर्नाटक में 10 मई को होनेवाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें कांग्रेस ने विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया है। अब यह वादा कांग्रेस के लिए कितना फायदेमंद होगा, यह वह ही जाने, लेकिन कोई भी सुलझा हुआ राजनीतिक व्यक्ति यही कहेगा कि यहां कांग्रेस ने चूक कर दी। इसका कितना रिएक्शन होगा, यह एक राज्य के चुनाव को छोड़ दीजिए, लेकिन लोकसभा चुनाव में तो इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है। खैर कांग्रेस के इस एलान से भाजपा को चिक्कमंगलुरु, हुबली-धारवाड़ क्षेत्र और आसपास के तटीय इलाकों में हिंदू समर्थक वोटरों को लुभाने का मौका मिल गया है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब कर्नाटक चुनाव के प्रचार में भाजपा ने प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) को तरजीह देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पर लगातार हमला बोला है। हाल ही में कर्नाटक की भाजपा सरकार ने राज्य में चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण को रद्द कर दिया। कांग्रेस का कहना है कि सत्ता में वापसी पर वह यह आरक्षण फिर से बहाल कर देगी। कांग्रेस के इस कथन का भी भाजपा को लाभ होता दिख रहा है। कर्नाटक में हिंदुत्व वोट बैंक का प्रभाव 20-25 सीटों तक फैला हुआ है। हालांकि भाजपा इन सीटों पर अच्छी स्थिति में दिख रही है, लेकिन जगदीश शेट्टार जैसे वरिष्ठ नेताओं के दल बदलने और मौजूदा विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर, हिंदुत्व से इतर अन्य मुद्दों के समर्थकों ने भाजपा की टेंशन बढ़ायी है। यही वजह है कि भाजपा धर्म, संस्कृति और विरासत के मुद्दों पर अधिक जोर लगा रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों में कांग्रेस को आगे दिखाया जा रहा था, लेकिन बजरंग दल के मुद्दे पर पार्टी को अब नुकसान होने की संभावना जतायी जाने लगी है। इसलिए पार्टी के एक बड़े वर्ग ने कहा भी है कि अभी पार्टी के गले में 'जहरीला सांप' लटका ही हुआ है और अब 'बजरंग बली' को छेड़ने की कीमत उसे चुकानी होगी। इस पूरे प्रकरण का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह


अगले सप्ताह होनेवाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र में विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया गया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है कि वैसे सभी संगठनों, जो जाति और धर्म के आधार पर समुदायों में नफरत और दुश्मनी फैलाते हैं, को प्रतिबंधित किया जायेगा। कांग्रेस के इस वादे से सियासत गरमा गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। कर्नाटक में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार कर रहे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने भी कांग्रेस के इस वादे को मुस्लिम मतदाताओं का तुष्टिकरण करने की कोशिश बताया है। भाजपा ने जिस ढंग से इस मुद्दे को उछाला है, उससे कांग्रेस पूरी तरह रक्षात्मक मुद्रा में आ गयी है। विभिन्न सर्वेक्षणों में मजबूत दिख रही कांग्रेस इस एक मुद्दे से पिछड़ती हुई दिखने लगी है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि पार्टी को अभी इस तरह के मुद्दे को छूने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी को 'जहरीला सांप' कह कर पहले ही कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया था।

### भगवान राम को ताले में बंद रखा और अब बजरंग बली को कैद करना चाहते हैं: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तमाम दूसरे बड़े नेताओं ने कांग्रेस को इस मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी ने विजयनगर में एक रैली में कहा कि कांग्रेस ने भगवान राम को ताले में बंद रखा और अब बजरंग बली को कैद करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को नमन करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प लिया है।

### जिन्ना भी ऐसा मेनिफेस्टो नहीं जारी करते: हिमंत बिस्वा सरमा

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए उनके घोषणा पत्र को मुस्लिम घोषणा पत्र बता डाला। हिमंत सरमा ने कहा, 'मुसलमान घोषणा पत्र है और जिन्ना भी ऐसा मेनिफेस्टो नहीं जारी करते। हिमंत ने बेंगलुरु में कहा, 'पीएफआइ पर पहले से ही बैन लग चुका है। इसलिए वो (कांग्रेस) कह रहे हैं कि हमारी सरकार आयी तो बजरंग दल पर बैन लगा देंगे। इसका मतलब है कि बीजेपी ने पीएफआइ बैन किया तो तुष्टिकरण की राजनीति के लिए वो बजरंग दल पर बैन लगायेंगे। इसलिए मैंने कहा कि यह मुस्लिम एजेंडा है। जो पीएफआइ नहीं कह सकती, वह कांग्रेस कह रही है।



### मैं बजरंगी हूं: तेजस्वी सूर्या

मंगलवार को हनुमान का दिन कहा जाता है और कर्नाटक को भगवान हनुमान की धरती। ऐसे में बजरंग दल को बैन करने के मुद्दे पर कांग्रेस को काउंटर करने के लिए बीजेपी ने सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाया है। बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या ने ट्वीट किया, 'मैं बजरंगी हूं। मैं कन्नडिगा हूं और यह हनुमान की धरती है। मैं कांग्रेस को मुझ पर बैन लगाने की चुनौती देता हूं।

### बजरंग दल ने किया विरोध

कांग्रेस के बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे पर बजरंग दल ने विरोध शुरू कर दिया है। इसी विरोध के तहत बजरंग दल ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन किया है। साथ ही कर्नाटक में भी जगह-जगह कांग्रेस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहा है। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया ने कहा है कि कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया, उसमें बजरंग दल और पीएफआइ को एक साथ दिखाया गया है। यह बेहद शर्मनाक है कि वह देश और समाज के भले के लिए काम करने वाले संगठन की, आतंकी घटनाओं को प्रोत्साहित करने वाले संगठन से तुलना कर रही है। बजरंग दल नेता ने कहा कि वह मुस्लिम वोट पाने के लिए हम पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। उन्होंने हमेशा धर्म के नाम पर समाज को बांटा है। बजरंग दल पर बैन लगाने के कांग्रेस के वादे पर प्रधानमंत्री मोदी ने तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले कांग्रेस ने भगवान राम को ताले में बंद किया और अब वह 'जय बजरंग बली' बोलने वालों को ताले में बंद करना चाहती है।

### विहिप की यात्रा को सुरक्षा देने के लिए हुआ था बजरंग दल का गठन

अक्टूबर 1984 की बात है। विश्व हिंदू परिषद की पहली धर्म संसद में मंदिर आंदोलन की शुरूआत हुई। इसके साथ ही राम जानकी रथयात्रा के नाम से नियमित रूप से शोभा यात्रा निकालने की शुरूआत हुई। इसका मकसद था कि लोगों को हिंदुत्व के बारे में अधिक से अधिक बताया जाये। कुछ समय में ही इससे युवा और साधु-संत जुड़ते गये। इस यात्रा के खिलाफ कुछ लोगों ने बयान देने शुरू कर दिये। कई धमकियां भी दी गयीं। तब विश्व हिंदू परिषद ने यूपी सरकार से यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने का अनुरोध किया। यूपी में तब कांग्रेस की सरकार थी। मुख्यमंत्री थे नारायण दत्त तिवारी। एक तरफ विश्व हिंदू परिषद की इस यात्रा को लेकर धमकियां मिल रहीं थीं, तो दूसरी ओर यूपी सरकार ने सुरक्षा देने से साफ इनकार कर दिया। तब कुछ युवाओं ने अपनी ओर इस यात्रा को सुरक्षा प्रदान करने का ऐलान कर दिया।

### ऐसे पड़ा बजरंग दल नाम

विनय कटियार उन दिनों हिंदूवादी युवा नेताओं में से एक थे। एक अक्टूबर 1984 को बड़ी संख्या में युवा जुटे और इस दल की स्थापना हुई। विनय कटियार ने कहा कि प्रभु श्रीराम की सेवा के लिए हमेशा बजरंग बली आगे रहे हैं और इस बार भी प्रभु श्रीराम और माता जानकी की यात्रा की सुरक्षा बजरंग बली के भक्त ही करेंगे। इसी के साथ इस संगठन का नाम बजरंग दल रख दिया गया।

### बजरंग दल को सौंपी गयीं ये जिम्मेदारियां

युवा जोश और उत्साह को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद ने बजरंग दल को कई बड़ी जिम्मेदारियां सौंपीं। इनमें धार्मिक स्थलों का नवीनीकरण, धार्मिक स्थलों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए आंदोलन और संघर्ष करना, गौ संरक्षण, सामाजिक कुरीतियों, जैसे दहेज प्रथा, अस्पृश्यता, जातिगत भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों और फिल्मों, विज्ञापन के जरिये फैलायी जाने वाली अश्लीलता का विरोध करना, अवैध घुसपैठ का विरोध करना, धर्म परिवर्तन को रोकने जैसा काम शामिल है। इसके अलावा सनातम धर्म को लेकर युवाओं को जागरूक करने का भी काम बजरंग दल के कार्यकर्ता करते हैं। युवाओं को शारीरिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं और अखाड़े का भी आयोजन बजरंग दल की तरफ से किया जाता है।

### कारसेवा में बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए

बात है 1992 की। अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस में भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इसके बाद तत्कालीन नरसिंह राव सरकार ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि एक साल बाद ही प्रतिबंध हटा दिया गया। पिछले साल बजरंग दल ने देशभर के युवाओं को बजरंग दल से जोड़ने की मुहिम शुरू की। संगठन की ओर से 50 लाख युवाओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। बजरंग दल का दावा है कि उसके संगठन के साथ देशभर के 13 लाख से ज्यादा युवा उससे जुड़े हुए हैं। दल की तरफ से युवाओं के लिए नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है।

### कांग्रेस अब रक्षात्मक मुद्रा में

कांग्रेस के कारण पूरे देश में चर्चा के केंद्र में आये बजरंग दल के मुद्दे पर कहा जाने लगा है कि अब पूरे कर्नाटक चुनाव का फोकस बजरंग बली पर ही रहेगा। इतना ही नहीं, इस साल के अंत में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी इस मुद्दे को भाजपा पूरी ताकत से उठायेगी। इसलिए कर्नाटक में अब तक हमलावर रही कांग्रेस अचानक रक्षात्मक मुद्रा में दिखने लगी है। कर्नाटक में हिंदुत्व का मुद्दा 25 से 30 सीटों पर असर डाल सकता है और यह मुद्दा भाजपा के लिए निश्चित रूप से संजीवनी का काम करने लगा है। अब तक कर्नाटक में पिछड़ती दिख रही भाजपा अचानक हमलावर हो गयी है। उधर कांग्रेस ने भी प्रधानमंत्री और बीजेपी पर पलटवार किया। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बजरंग दल की तुलना बजरंग बली से करके भगवान हनुमान के भक्तों की आस्था का अपमान किया है। पार्टी के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि 'हनुमान जी के करोड़ों भक्तों की आस्था का अपमान करने' के लिए प्रधानमंत्री को माफी मांगनी चाहिए।

---


# फिर दोहराया गया रुबिका हत्याकांड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र में फिर से रुबिका हत्याकांड दोहराया गया है। चटकी गांव के जंगल से खोपड़ी और मानव शरीर के चार टुकड़े मिले हैं। पुलिस ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चला रखा है और शरीर के दूसरे टुकड़ों की तलाश कर रही है।

बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि चटकी जंगल में इंसानी शरीर के कुछ टुकड़े मिले हैं साथ ही एक खोपड़ी भी मिली है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तो पुलिस को यहां से शरीर के कुछ टुकड़ों के साथ-साथ खून से सनी नाइटी, चप्पल, बाल और बाइक की चाबी मिली है। ये कपड़े लापता आंगनबाड़ी सेविका का हो सकता है। गांव वालों को कहना है कि सेविका लंबे समय से गायब है।

**कहां है आगंनबाड़ी सेविका** गांव वालों ने सेविका के कपड़े की पहचान की है। इस हत्याकांड ने एक बार फिर चर्चित रुबिका हत्याकांड की याद ताजा कर दी



है। इसी तरह उसकी हत्या की गयी थी। 27 अप्रैल से बोरियो प्रखंड के बांझी चटकी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका मालोती सोरेन लापता थी। उनकी हत्या की आशंका जतायी जा रही है। इसी बीच चटकी पहाड़ पर मंगलवार की शाम एक महिला का शव मिला। खून से सने कपड़े मिले जिसने उसकी हत्या की आशंका को और बल दे दिया है। तीन दिन पहले आंगनबाड़ी सेविका की मां संजलि टुडू ने बेटी की लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। शिकायत दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने महिला के पति और परिजनों से पूछताछ की थी। हालांकि, उसका कोई पता नहीं चला। **क्या है परिवार वालों का पक्ष :** मालोती बोरियो संताली गांव की रहने वाली थी। उसकी शादी 2007 में बांझी चटकी गांव के प्रधान के पुत्र तलु किस्कू से हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। मालोती की बहन रानी सोरेन ने बताया कि उसकी बहन ससुराल चटकी गांव जाना नहीं चाहती थी। उसके जीजा तालु किस्कू उसे जबरन घर लेकर चला गया। 19 अप्रैल को गम्हरिया की दूसरी लड़की से शादी कर ली और उसे अपने घर ले आया। रानी सोरेन ने बताया कि उसकी बहन से 27 अप्रैल की रात दो बजे बात हुई थी। इसके बाद से बातचीत बंद हो गयी। इसके बाद वह अपनी बहन के घर चटकी गयी थी लेकिन उसे धमका कर भगा दिया गया। शक होने पर अपनी मां के साथ थाने पहुंची और मामले की जानकारी दी। परिजनों का आरोप है कि महिला के पति ने ही हत्या कर शव को जंगल में टुकड़ों में करके फेंक दिया है। पुलिस इस मामले में अभी जांच कर रही है प्राथमिक दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# गर्म पूड़ी की डिमांड नहीं हुई पूरी तो हुआ बवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** शादी में गर्म पूड़ी की डिमांड पूरी नहीं हुई, तो गाली गलौज के बाद झड़प हुई। झड़प ने हिंसा का हिंसा का रूप ले लिया। जमकर पत्थर बाजी हुई। मामला इतने तक नहीं ठहरा, इस हंगामे में हथियार भी लहराये गये। कई लोग घायल हो गये। पुलिस तक बात पहुंची तो पूरी सुरक्षा देकर शादी संपन्न कराया गया।

**पूड़ी का पूरा माजरा समझिए**

घटना झारखंड के गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। बवाल की शुरुआत गर्म पूड़ी की डिमांड से शुरू हुई। कुछ युवक रात के दो बजे खाना खा रहे थे। खाने के दौरान उन लोगों ने गर्म पूड़ी की डिमांड की। गर्म पूड़ी नहीं मिली तो हंगामा शुरू कर दिया। बवाल दो गुटों में बढ़ा तो मामला हाथापाई से लेकर मारपीट तक आ गयी। इसके बाद शादी समारोह में जमकर पत्थरबाजी

**शादी समारोह में रात के दो बजे मांगी गर्म पूड़ी नहीं मिले, तो चले पत्थर, लहराये हथियार**

हुई, हथियार भी लहराये गये। लोग घायल भी हो गये। मामले की सूचना थाने तक पहुंची तो हथियार के साथ युवक को हिरासत में लिया गया। पतरोडीह में शंकर यादव के घर बारात पहुंची थी।

**पुलिस ने मामला सुलझाया**

भारी संख्या में इलाके में जवानों की तैनाती की गयी ताकि शादी में किसी तरह की परेशानी ना आये। शादी समारोह खत्म होने के बाद इस विवाद को सुलझाने की पुलिस प्रशासन ने पूरी कोशिश की। सुबह एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी, इंस्पेक्टर विनय कुमार राम समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौके पर लोगों को समझाया।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय को भेजा मानहानि का नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से विधायक सरयू राय को मानहानि का नोटिस भेजा है। उनका कहना है कि सरयू राय ने झूठा-फर्जी वायरल वीडियो और कथित प्रतिबंधित पिस्टल रखने का आरोप लगाया है। यह दूसरी बार है, जब बन्ना गुप्ता ने सरयू राय पर मानहानि का केस दर्ज कराया है। इससे पहले उन्होंने प्रोत्साहन राशि के झूठे आरोप के



जवाब में सरयू राय पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था, जो न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

**सोशल मीडिया के जरिए लगाते हैं बेबुनियाद आरोप**

बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय अक्सर विभिन्न मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से उन पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं, जिससे उनकी राजनीतिक और सामाजिक छवि खराब हो रही है। इस तरह के दुष्प्रचार में वह अपने सोशल मीडिया के ट्विटर और फेसबुक अकाउंट का भी इस्तेमाल करते हैं। कहा कि अब देखना है कि विधायक सरयू राय इस नोटिस के जवाब में क्या देते हैं?

# रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से इडी आज करेगी पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय इडी जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन से गुरुवार को पूछताछ करेगी। इसे लेकर इडी ने छवि रंजन को समन भेजा है। भेज गये समन में आइएएस छवि रंजन को सुबह 11



बजे इडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। इडी ने इस संबंध में 28 अप्रैल समन भेजा था। इससे पूर्व इडी ने बीते 24 अप्रैल को छवि रंजन से पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे सबसे पहले उनसे सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री में उनकी भूमिका से संबंधित सवाल किये गये थे।

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 मई, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 193

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




बारिश के बीच बंगाल की खाड़ी से उठ सकता है भीषण 'मोचा' चक्रवात : मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

## सीएम ने दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का किया उद्घाटन

# पहले सिर्फ कागजों पर विकास होता था, अब धरातल पर उतर रही हैं योजनाएं : हेमंत सोरेन

- गढ़वा जिला को 797 करोड़ रुपये की 74 योजनाओं की दी सौगात



**विजय प्रताप देव/प्रशांत सहाय**

**बंशीधर नगर/गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड को खनिज-संपदा के रूप में जाना जाता रहा है, लेकिन अब पर्यटन के रूप में भी इस राज्य को अलग पहचान दिलाने की दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। पर्यटक स्थलों को संरक्षित और विकसित कर रहे है। इस कड़ी में राज्य के धार्मिक स्थलों का सर्किट बनाया जायेगा। सभी प्रमुख धार्मिक स्थल इससे जोड़ें जायेंगे, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हम बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। हमारी कोशिश है कि विश्व के टूरिज्म मैप पर झारखंड को भी एक अलग पहचान दिला सकें। मुख्यमंत्री बुधवार को बंशीधर नगर, गढ़वा में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला है। आनेवाले वर्षों में इस महोत्सव को और भव्यता देने का काम करेंगे।

**धार्मिक स्थलों का हो रहा विकास और सौंदर्यीकरण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी कला-संस्कृति और परंपरा को इतना मजबूत करना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी इसे कोई तोड़ नहीं सके। इसी सोच के साथ धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए लगातार योजनाएं बना रहे हैं। राजधानी रांची में तपोवन मंदिर के विकास पर 14 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किये जा रहे हैं। वहीं रांची के तमाड़ में स्थित ऐतिहासिक दिउड़ी मंदिर के विकास के लिए सात करोड़ रुपये की योजना बन चुकी है। बहुत जल्द इस मंदिर के विकास और सुंदरीकरण की आधारशिला रखी जायेगी।

**पहले कागजों पर विकास अब धरातल पर :** हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले सिर्फ कागजों पर विकास होता था। अब धरातल पर योजनाएं उतर रही हैं। लोगों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रहे हैं। लोग सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने आर्थिक प्रगति के मार्ग को प्रशस्त करें। सरकार आपकी मदद के लिए हमेशा आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी संवेदना के साथ कार्य कर रही है । हमने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिये हैं कि गरीब, दलितों, किसानों, मजदूरों, वंचितों, अल्पसंख्यकों समेत सभी समुदाय और वर्ग के हित में कार्य करें। हमारी सरकार ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान किया और उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। अब अधिकारी आपके दरवाजे पर जाकर आपकी समस्याओं को दूर कर रहे हैं और यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा ।

**सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक लोग सामाजिक रूप से सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक राज्य का सर्वांगीण विकास संभव नहीं होगा। यही वजह है कि हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को लागू किया है। अब राज्य के हर बुजुर्ग, विधवा परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन देने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में कल 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन किया गया। अब स्कूलों के बच्चे भी निजी विद्यालयों की तरह अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर अपना बेहतर भविष्य बना सकेंगे।

**जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को निभायें :** हेमंत सोरेन ने कहा कि चाहे किसी भी स्तर के जनप्रतिनिधि हों, अगर जनता ने आपको अपना प्रतिनिधि चुना है, तो आपसे उनको काफी उम्मीदें हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने में अपनी जिम्मेदारियों को निभायें। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी लें और जरूरतमंदों को उसी हिसाब से योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

**कार्यक्रम में रहे मौजूद**

इस मौके पर सीएम ने 60 योजनाओं की आधारशिला और 14 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री बादल और मिथिलेश कुमार ठाकुर के अलावा ज़िला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

**(संबंधित खबर पेज-7 पर)**

### पैसा बैंक में नहीं रखें, प्लास्टिक में बांध कर गाड़ कर रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की आदत ही लोगों को आपस में लड़वा कर राजनीतिक रोटी सेंकने की रही है। जहां लोग एकजुट हैं, वहां पर ऐसे लोगों के पैर नहीं टिकते। साथ ही देश में महंगाई आसमान छू रही है। व्यापारियों के हाथ में सरकार है। रेल, हवाई जहाज, एलआइसी सब बिक रहे हैं। पांच रुपये का रेलवे प्लेटफार्म टिकट पचास रुपये में मिल रहा है। बड़े-बड़े बैंक डूब रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था, फिर कह रहा हूं, पैसा बैंक में नहीं रखें, बल्कि प्लास्टिक में बांध कर गाड़ कर रखें। लोग रोजगार की शुरूआत करें, जूता दुकान से लेकर व्यूटी पार्लर खोलें। सरकार की ओर से एक लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी गारंटी के मुहैया करायेगी।

### मुख्यमंत्री ने कहा:

- जब तक लोग सामाजिक रूप से सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक राज्य का सर्वांगीण विकास संभव नहीं
- झारखंड में प्रमुख धार्मिक स्थलों का सर्किट बनायेंगे: हेमंत सोरेन
- श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला, आगे महोत्सव को और भव्यता प्रदान किया जायेगा
- झारखंड को पर्यटन में अलग पहचान दिलाने की दिशा में बढ़ रहे हैं आगे
- रांची के तमाड़ में स्थित दिउड़ी मंदिर के विकास के लिए सात करोड़ रुपये की योजना बन कर तैयार

# गुमला सड़क हादसा: चार की मौत, 11 घायल

## दुखद : शादी करा कर लौट रहे थे परिजन

- मृतकों में दुल्हन के माता-पिता भी शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** गुमला जिला के लिए बुधवार का दिन 'काला दिन' रहा। एक ओर भीषण सड़क दुर्घटना में शादी करा कर लौट रहे चार लोगों की मौत हो गयी। सबसे दुखद यह है कि दुर्घटना में दुल्हन के माता-पिता दोनों की मौत हो गयी। वहीं, दूसरी ओर बसिया इलाके में एक चार वर्षीय बच्ची की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गयी। इन दो घटनाओं से जिला के लोग सकते में हैं। दिन भर हर तरफ इन्हीं दो घटनाओं की चर्चा रही।

### शादी समारोह से लौट रहा था परिवार:

घटना गुमला जिला के जारी प्रखंड की है। सभी शादी समारोह से लौट रहे थे। वे पिकअप वैन (जेएच 01 एए 7145) में सवार थे। जारी प्रखंड के पास पिकवैन ने नियंत्रण खो दिया और दुर्घटना हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं एक दर्जन से ज्यादा संख्या में लोग घायल हुए हैं। 11 लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक पिकअप वैन में लगभग 35 लोग सवार थे। सभी जारी के सारंगाडीह से बेटी की शादी करा कर अपने घर कटारी लौट रहे थे। इसी बीच जरडा गांव के पास पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गयी। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ बच्चे भी हैं। घायलों में से तीन लोगों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार देर रात की है। मृतकों में लड़की पक्ष से दुल्हन की मां बिरंती देवी और पिता सुंदर शामिल हैं।

### युवक ने कर दी चार वर्षीय मासूम बच्ची की गला रेत कर हत्या

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित बम्बयारी गांव में रवि सिंह नामक एक व्यक्ति ने चार वर्षीय मासूम बच्ची रितिका कुमारी की गला रेत कर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग आठ बजे रितिका की मां रुक्मणि देवी अपनी बेटी को गांव में स्थित आंगनबाड़ी सेंटर लेकर गयी। वहां सेविका और अन्य बच्चियां नहीं थीं। रुक्मणि अपनी बेटी को सेविका के घर में छोड़ कर लौट गयी। कुछ देर बाद सेविका बच्ची को घर में ही छोड़ कर बगल में स्थित आंगनबाड़ी सेंटर खोलने गयी। इसी बीच गांव का रवि सिंह वहां पहुंचा और रितिका की गला रेत कर हत्या कर दी। हत्या के पीछे क्या कारण था, इसकी अभी जानकारी नहीं मिल सकी थी। पुलिस ने आरोपी रवि सिंह को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### हेमंत और बाबूलाल ने शोक व्यक्त किया:

गुमला सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा विधायक दल नेता के बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुमला सड़क हादसे की खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति दें। हादसे में घायल लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवायी जा रही है। वहीं, बाबूलाल ने कहा है कि गुमला से सड़क दुर्घटना का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति और पीड़ित परिजनों को दु:ख के वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# एक सप्ताह में नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लें: हाइकोर्ट

- सूचना आयुक्त समेत अन्य पद खाली होने के पीआइएल पर हुई सुनवाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा सूचना आयुक्त समेत अन्य बोर्ड और निगम में नियुक्ति को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष या सबसे बड़े विरोधी दल के नेता के चुनाव का मसला हल करें अन्यथा विधानसभा के सचिव को अगली सुनवाई के दिन सशरीर हाजिर होना होगा। जनहित याचिका पर हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की बेंच में सुनवाई हुई। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की। प्रार्थी राजकुमार की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा और नवीन कुमार ने पक्ष रखा। अब कोर्ट में एक सप्ताह बाद इस मामले में सुनवाई होगी।

# राहुल गांधी को रांची कोर्ट में होना होगा हाजिर

- व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका खारिज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। उनके खिलाफ रांची में प्रदीप मोदी ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था। इसे लेकर राहुल ने एक याचिका लगायी थी, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग की थी। कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। अब उन्हें कोर्ट में हाजिर होना होगा। गौरतलब है कि इससे पहले गुजरात हाइकोर्ट ने मंगलवार को मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने 2019 के मामले में हुई सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस गर्मी की छुट्टी के बाद फैसला सुनायेंगे। कोर्ट ने तब तक के लिए राहुल गांधी को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। इसी मामले में राहुल की सांसदी भी चली गयी है।

# फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा को मिला गोल्ड मेडल



- रजनी ज्ञानलता बिलुंग ने परचम लहराकर संस्थान और अपने राज्य का नाम रौशन किया
- संस्थान के निदेशक डॉ शाहीन कौशर, डॉ नाजनीन कौशर ने इस सफलता के लिए बधाई दी

**संवाददाता**

**रांची।** फ्लोरेंस कॉलेज की छात्रा रजनी ज्ञानलता बिलुंग को मास्टर इन नर्सिंग में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। रांची विश्वविद्यालय द्वारा 36वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में जिसमें फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा रजनी ज्ञानलता बिलुंग ने परचम लहराकर संस्थान और अपने राज्य का नाम रौशन किया। कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों रजनी ज्ञानलता बिलुंग को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ अजित कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। रजनी ज्ञानलता को यह सम्मान बेस्ट मास्टर इन नर्सिंग (कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग) के लिए दिया गया। इस अवसर पर संस्थान की सचिव जीनत कौशर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं संस्थान के निदेशक डॉ शाहीन कौशर, डॉ नाजनीन कौशर, प्राचार्या प्रमिला बाक्सला, उप प्राचार्या विनिशा टी बंश्रीयार और शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं ने रजनी को इस सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।






## बजरंग दल पर अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बोले

# गड़बड़ की तो बैन लगाने पर विचार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने की घोषणा की है। इसे लेकर घोषणापत्र में वादा भी किया है। कांग्रेस का दावा है कि कर्नाटक में सरकार आने पर इस जैसे संगठनों पर पाबंदी लगायी जायेगी। इसके बाद से सियासी माहौल गरमा गया है। कांग्रेस के वादे के बाद ऐसा ही कुछ माहौल छत्तीसगढ़ में भी बनना शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में बजरंग दल पर बैन लगाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि यहां भी विचार किया जा सकता है। दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मीडिया ने बजरंग दल पर बैन लगाने को लेकर सवाल पूछा था। इस पर सीएम बघेल ने कहा कि, वहां क्या हो रहा, यहां क्या होगा, यहां की परिस्थितियों में बजरंगियों ने गड़बड़ की, तो उन्हें ठीक कर देंगे। ठीक कर भी दिया है। जरूरत पड़ी तो यहां भी बैन के लिए सोचा जायेगा। वहां अभी की समस्या के हिसाब से वहां के पार्टी के पदाधिकारियों ने तय किया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। कहा कि, मोदी जी फेंकने में बहुत माहिर हैं। वह कबीर जी को, गुरु गोरखनाथ जी को एक साथ बिठा देते हैं। कहते हैं कि वह एक साथ बैठ कर चर्चा करते हैं। कौन किस सदी में हुआ। जो चीज पाकिस्तान में हुई है, उसे बिहार का बता देते हैं। जनसंख्या जितनी नहीं है, उतना बता देते हैं। बैन बजरंग दल पर लगाने की बात हुई है, बजरंग बली पर नहीं।

### मोदी ने बजरंगबली के छह बार जयकारे लगवाये



बेंगलुरु (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मूडबिद्री में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए छह बार बजरंग बली के जयकारे लगवाये। पीएम ने भाषण से पहले तीन बार बजरंग बली का जयकारा लगाया, फिर संबोधन खत्म होने के बाद तीन बार जनता से बजरंग बली की जय-जयकार करवायी। उन्होंने कहा कि जब पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो जय बजरंग बली बोल कर इन्हें (कांग्रेस को) सजा दे देना। दरअसल, मंगलवार को कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी किया था, इसमें बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कही थी। इसके बाद से सियासत गर्म है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# उषा मार्टिन विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उषा मार्टिन विश्वविद्यालय गुरुवार को यानी आज अपना पहला दीक्षांत समारोह मनाने जा रहा है। वहीं समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन और छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह है। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयीं हैं। विश्वविद्यालय ने कॉन्वोकेशन में छात्रों को मेंडल्स देने का भी निर्णय लिया है। दरअसल विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार कॉन्वोकेशन के अवसर पर छात्रों को मंच से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा मेधावियों को मेडल दिया जायेगा। इसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कॉन्वोकेशन में हजारों डिग्रियां दी जायेंगी। कॉन्वोकेशन समाहरोह में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे होगी।

# बांग्ला सांस्कृतिक मेला कल से, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पांच से सात मई तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आयोजन मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे। इसे लेकर बुधवार को आयोजन समिति के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि मेले के मुख्य मंच का नामकरण बांग्ला कविता और नाटक के प्रथम रचयिता माइकल मधुसूदन दत्त के नाम पर किया गया है। उनके 200वें साल के जश्न का साक्षी रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम बनेगा। सुप्रियो ने कहा कि माइकल को पायोनियर ऑफ बंगाल लिटरेचर के नाम से जाना जाता है। शाम सात बजे आयोजन स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मेले के पहले दिन कोलकाता के डांस बाय डांसर गिल्ड और कोलकाता की मौलाली रंगशिल्पी के की ओर से ड्रामा की प्रस्तुति होगी। भट्टाचार्य ने बताया कि छह मई को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का आगमन बांग्ला सांस्कृतिक मेले में होगा। इस दिन कोलकाता के पंचम म्यूजिकल ग्रुप की ओर से बांग्ला आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। जबकि समापन कार्यक्रम में सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मौजूद रहेंगे।

# राजेंद्र प्रसाद ने कहा-राज्य सरकार भी अस्थायी है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कला-संस्कृति कार्य विभाग मंत्री हफीजुल हसन के नियोजन नीति 60- 40 को अस्थाई व्यवस्था बताने वाले बयान का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार भी अस्थायी व्यवस्था के तहत भले अपना कार्यकाल पूरा कर ले, लेकिन आगे से झारखंडी जनता सरकार को अस्थाई व्यवस्था के तहत ही बाहर कर देगी। प्रसाद ने कहा कि मंत्री को यह नहीं भूलना चाहिए कि हेमंत सरकार नियोजन नीति और स्थानीय नीति के नाम पर सरकार में आयी थी। अब झारखडियों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। बता दें कि मूलवासी सदान मोर्चा ने नियोजन नीति और स्थानीय नीति को लेकर शुरू से ही आंदोलन किया है और मुखर रहा है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड राज्य के हित में 60- 40 की नियोजन नीति को तुरंत वापस लें। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री अच्छे व्यक्ति हैं, लेकिन कुछ लोग उनको गुमराह कर रहे हैं। प्रसाद ने कहा जबतक सरकार अपनी नियोजन नीति नहीं बना लेती है, तब तक संयुक्त बिहार में बनी नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को ही लागू करें। जो खतियान आधारित है।

## टेंडर दिलाने के एवज में मिली मोटी रकम

# वीरेंद्र राम ने राजेश कंस्ट्रक्शन को दिलाये 22 टेंडर, 4.50 करोड़ मिले



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने के केस में आरोपी निलंबित पूर्व अभियंता प्रमुख वीरेंद्र राम ने कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स राजेश कंस्ट्रक्शन को 22 टेंडर लेने में मदद की। इसके लिए वीरेंद्र राम को मोटी रकम मिली है। इडी ने जब छापेमारी की थी उस दौरान रांची और दिल्ली में वीरेंद्र राम के ठिकानों पर जो लग्जरी गाड़ियां मिली थीं वह भी मेसर्स राजेश कस्ट्रक्शन के नाम पर रजिस्टर्ड हैं। इसके साथ ही महेंद्र गोप को भी टेंडर दिलाने में वीरेंद्र राम ने सहयोग किया। जिसके लिए उसे 4.50 करोड़ रुपये मिले। अब तक की पूछताछ और जांच में वीरेंद्र राम और अलोक रंजन ने यह तो कबूला है कि टेंडर देने के लिए वह ठेकेदारों से कमीशन लेते थे। लेकिन इस पूरे प्रकरण में किसी अन्य व्यक्ति का नाम अब तक सामने नहीं आया है। बता दें कि इडी ने निलंबित पूर्व अभियंता वीरेंद्र राम और उसके रिश्तेदार अलोक रंजन के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दाखिल कर दी है। जिसपर संज्ञान लेते हुए पिएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) ने विरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और उसके पिता गेंदा राम को भी समन जारी किया है।

प्रवर्तन निदेशालय (इडी) टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क कर चुकी है। ये संपत्ति वीरेंद्र कुमार राम और उनके परिवार के सदस्यों के हैं। जिन संपत्तियों को इडी ने जब्त किया है, उसमें फार्म हाउस, फ्लैट, डुप्लेक्स बंगला, दिल्ली, जमशेदपुर और रांची में जमीन और करीब 36 लाख रुपये के सामूहिक बैलेंस वाले तीन बैंक खाते शामिल हैं। वीरेंद्र राम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 125 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। इसका खुलासा वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान हुआ था। छापेमारी में पता चला था कि उसने टेंडर कमीशन घोटाले में अकूत संपत्ति बनायी है।

### इडी ने मनी लांड्रिंग के तहत जांच की शुरू

इडी ने बताया कि एसीबी जमशेदपुर द्वारा दर्ज एफआइआर के आधार पर मनी लांड्रिंग की जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को टेंडर आवंटित करने के एवज में उनसे कमीशन के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। इस प्रकार अवैध आय का उपयोग वीरेंद्र कुमार राम और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा बहुत ही शानदार जीवन शैली जीने के लिए किया जाता था। 30 ठिकाने पर तलाशी ली गयी थी।

वीरेंद्र कुमार राम से संबंधित 30 परिसरों में तलाशी ली गयी थी। इस दौरान विभिन्न आपत्तिजनक साक्ष्य पाये गये और जब्त किये गये। इसके अलावा, तलाशी कार्रवाई के दौरान 40 लाख रुपये की नकदी, 1.51 करोड़ रुपये के सात वाहन और आभूषण पाये गये। जिसके बाद इसे जब्त कर लिया गया, जो बाद में उसके द्वारा अर्जित अवैध आय का हिस्सा पाया गया। इसके बाद वीरेंद्र कुमार राम को मनी लांड्रिंग के अपराध में दोषी पाये जाने के बाद बीते 23 फरवरी को इडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था, और वर्तमान में होटवार जेल, रांची में हैं। इस मामले में वीरेंद्र कुमार राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था।

# गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे मंत्री हफीजुल हसन : दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन एवं खेलकूद युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे। उन्होंने कहा कि एक समाचार पत्र में साक्षात्कार के माध्यम से अतीक अहमद जैसे कुख्यात अपराधी को मंत्री ने महिमा मंडित किया है। मंत्री के बयान से राज्य सरकार की मंशा ही उजागर हुई है। यह सरकार अपराध और अपराधियों के संरक्षण के साथ तुष्टीकरण में लिप्त है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि मंत्री असंवैधानिक और गैर जिम्मेदाराना बयान देने के अभ्यस्त हो चुके हैं। प्रकाश ने 1932 की नियोजन नीति के संबंध में भी मंत्री के बयान को जनता एवं बेरोजगार नौजवानों को दिग्भ्रमित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है।

# सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद होंगे कोल इंडिया के अगले चेयरमैन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कंपनी कोल इंडिया के नये चेयरमैन (अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक) के लिए बुधवार को लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीएसबी) द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के जरीये साक्षात्कार का आयोजन किया गया। साक्षात्कार में शॉर्टलिस्ट में कुल सात उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया जिसमें कोल इंडिया के लिए चेयरमैन पद के लिए सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद का चयन किया गया।

**30 जून को सेवानिवृत्त होंगे चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल**

कोल इंडिया के वर्तमान और 28 वे चेयरमैन प्रमोद कुमार अग्रवाल (आइएएस) आगामी 30 जून 2023 को सेवानिवृत्त होंगे। कोल इंडिया के वर्तमान चेयरमैन प्रमोद कुमार अग्रवाल समेत अबतक कुल सात आइएस कोल इंडिया के चेयरमैन का पद संभाल चुके हैं। 27 वें चेयरमैन अनिल कुमार झा के 31 जनवरी 2020 को सेवानिवृत्त होने के बाद 1 फरवरी 2020 को आइएएम प्रमोद कुमार अग्रवाल 28 वे चेयरमैन के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

# सरयू बोले, बन्ना कोर्ट तक ले जायें मामला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा भेजे गये मानहानि नोटिस पर विधायक सरयू ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वकील ने मुझे वकालती नोटिस भेजा है। मैं यह नोटिस और भारत सरकार का सर्कुलर संलग्न कर रहा हूं। सर्कुलर के अंतिम कंडिका पढ़कर कोई भी समझ जायेगा कि ग्लॉक का 44 और 21 दोनों पिसटल प्रतिबंधित हैं। यह जिसके पास है उससे जब्त कर सरकारी मालखाना में जमा करने का निर्देश है। उल्लेखनीय है कि निर्माता कंपनी काउंटर मेजर टेक्नोलॉजी का देश में एक ही डीलर है, कोलकाता का जे विश्वास एंड कंपनी। वकालती नोटिस में बाकी जो बातें कही गयीं हैं, तर्क दिये गये हैं, वे गलथेथरई और बकवास हैं। ऐसी नोटिस की जगह कूड़ेदान में है।

# बीबीसी, विकीमीडिया और इंटरनेट आर्काइव्स के खिलाफ समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रोहिणी सिविल कोर्ट की एडीजे रुचिका सिंगला ने बीबीसी, विकीमीडिया और इंटरनेट आर्काइव्स को पीएम मोदी को लेकर बनायी गयी डॉक्यूमेंटरी पर समन जारी किया है। इस मामले में विनय कुमार सिंह ने अधिवक्ता मुकेश शर्मा के माध्यम से यह याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि बीबीसी, विकीमीडिया और इंटरनेट आर्काइव्स देश के कानूनों का सम्मान नहीं करता है। इनका इतिहास ऐसे कई अपराध करने से भरा पड़ा है। भारत के प्रति इनकी पक्षधरता किसी से छिपी नहीं है। इसलिए बीबीसी ने 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' नामक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया, ताकि विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलायी जा सके।

## अभी तक 2500 लोगों ने महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन दिया

# सांसद संस्कृति महोत्सव रांची को देगा एक नया आयाम : संजय सेठ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि सांसद संस्कृति महोत्सव रांची को एक नया आयाम देगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस महोत्सव में रुचि दिखायी है। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय इस महोत्सव में रांची, हटिया, सिल्ली, खिजरी, ईचागढ़ और कांके विधानसभा क्षेत्र से प्रतिभागी भाग लेंगे। सांसद ने कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम चार स्थानों आर्यभट्ट ऑडिटोरियम रांची यूनिवर्सिटी मोरहाबादी, ऑड्रे हाउस सूचना भवन कांके रोड, मयूरी ऑडिटोरियम सीएमपीडीआइ कांके रोड और श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम मोरहाबादी में आयोजित की जायेगी। संस्कृति महोत्सव सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक चलेगा। अभी तक कुल 2500 लोगों ने महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन दिया है। सांसद बुधवार को पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। सांसद ने बताया कि यह महोत्सव पांच, छह और सात मई को आयोजित होगा। इस महोत्सव में उद्घाटन में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो मौजूद रहेंगे। दूसरे दिन झारखंड के राज्यपाल, भाजपा के पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कडिया मुंडा की उपस्थिति रहेगी। महोत्सव के समापन के अवसर पर मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, झारखंड सरकार के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, अनेकता में एकता, गुरु शिष्य परंपरा, स्वतंत्रता सेनानी, वसुधैव कुटुंबकम, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती से जुड़े थीम पर भी प्रतियोगिता होगी। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। पद्मश्री मुकुंद नायक ने इस कार्यक्रम को अनूठा कार्यक्रम बताया और कहा कि यह पहला मौका है जब कला और कलाकारों के प्रति किसी सांसद ने प्रेम दिखाया है, अपनी रुचि दिखायी है। उन्होंने कहा कि महोत्सव झारखंड के लिए ऐतिहासिक महोत्सव होगा। पत्रकार वार्ता में मधु मंसूरी, अजय मलकानी और पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अपर श्रमायुक्त सह निर्देशक उमेश प्रसाद सिंह को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने अपरश्रमायुक्त सह निर्देशक उमेश प्रसाद सिंह को उनके सेवानिवृत्त होने पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उमेश प्रसाद सिंह सचिव बोर्ड के प्रभार में थे। अपने कार्यकाल में विभिन्न पदों पर रहते हुए बिहार के पूर्णिया, अररिया, किशनगंज जिलों के साथ झारखंड के चाइबासा, हजारीबाग, बोकारो थर्मल, सहित पूर्वी सिंहभूम में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी थी। उन्होंने वर्ष 2011 से 2016 तक अपर कार्यकारी निर्देशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना में भी अपनी सेवा दी है। झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के मानद सचिव और एफजेसीसीआइ के श्रम और मापतौल उपसमिति के चेयरमैन प्रमोद सारस्वत ने उमेश प्रसाद सिंह को पुष्प गुछ व अंग वस्त्र से उन्हें सम्मानित किया।

### अंकुर महिला समिति की ओर से सेनेटरी पैड का निशुल्क वितरण किया गया

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के वार्ड नंबर 11 स्थित पीस रोड बाई लेन में बुधवार को अंकुर महिला समिति की ओर से युवतियों और महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय और आसपास क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित हुईं और सभी ने समिति के सेक्रेटरी फरजाना फारुकी को धन्यवाद दिया। बता दें कि पीस रोड बाई लेंन में सैकड़ों महिलाएं अंकुर महिला समिति के इस कार्य की प्रशंसा की और कहा सामाजिक कार्य में आप बेहतर काम कर रही हैं। समिति की फरजाना फारूकी ने कहा कि स्लम एरिया में जरूरतमंदों के बीच हम लगातार कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि समाज में रहने वाले ऐसे जरूरतमंद लोगों को जो इस तरह की चीजें नहीं खरीद सकती उसे सहायता दी जाये। इस मौके पर अगता पन्ना, शहजादी खातून, , ललिता टोप्पो , अनीता एक्का, हेना खातून, जेनिस टोप्पो, जीनत परवीन, रजनी मुर्मू सहित दर्जनों युवती शामिल रही। वहीं सीपीआइ के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, रांची जिला सचिव अजय सिंह, मो. मोइज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### डोरंडा कॉलेज : छात्र को सम्मानित किया



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा कॉलेज के नागपुरी भाषा विभाग में गोल्ड मेडल लाने वाले छात्र अजय पोढ़ को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया नागपुरी भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मुस्ताक अहमद ने छात्र अजय के पढ़ाई और संघर्ष को बताते हुए कहा कि कठिन परिश्रम का नतीजा है कि अजय ने आज या मुकाम हासिल किया है। विभाग के प्रोफेसर कंचन मुंडा ने कहा कि यह हमारे विभाग के लिए और पूरे डोरंडा कॉलेज परिवार के लिए गौरव का क्षण है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ मुस्ताक अहमद, प्रो कंचन मुंडा, प्रो भदी प्रकाश उरांव, प्रो आलम आरा, प्रो मार्शल पूर्ति, प्रो विद्यासागर, प्रोफेसर अंशुल एवं विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

### कर्मचारियों के सामने रोटी के लाले : अजय राय




रांची (आजाद सिपाही)। मेदिनीनगर संचरण जोन 4 के महाप्रबंधक मुख्य अभियंता बसंत रुंडा के तानासाही और निरंकुशता के कारण सैकड़ों मानव दिवस कर्मियों के घर खाने के लाले पड़े हैं वही उनके बच्चों का स्कूल फीस नहीं भरे जाने से उनको स्कूल जाने से वंचित किया जा रहा है। उक्त बातें आज एक ज्ञापन के माध्यम से झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के.के वर्मा को दिया है और इस पर अविलंब कार्रवाई की मांग की है। अजय राय ने अपने ज्ञापन में कहा है कि संचरण जौन-4 में एजेंसी के कर्मचारियों की दशा बद से बदतर बनी हुई है।

### डीएसपीएमयू में परीक्षा अवधि हुई 3 घंटे की



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के ₹झारखण्ड छात्र दल के अध्यक्ष बबलू कुमार महतो के नेतृत्व में विश्वविद्यालय छात्र परिवार परीक्षा विभाग द्वारा परीक्षा की समय अवधि को 3:00 घंटे से 2:30 घंटे किये जाने को लेकर परीक्षा नियंत्रक आशीष गुप्ता सर से बातचीत किया गया। जिसमें पाया गया कि परीक्षा में आने वाले प्रश्न पत्र का पैटर्न पुराने पैटर्न पर ही आधारित है। बस समय अवधि घटाकर 3:00 से 2:30 घंटा कर दिया गया। छात्रों की मांग है कि वापस परीक्षा अवधि 3:00 घंटे का किया जाये। जिससे छात्रों को पर्याप्त समय मिल सके। अतः परीक्षा नियंत्रक महोदय आशीष गुप्ता ने कहा कि परीक्षा समय अवधि को वापस 3:00 घंटे कर दिया जायेगा और जल्द ही विश्विद्यालय के वेबसाइट पर नोटिस अपडेट कर दिया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से विश्विद्यालय प्रभारी ऋषभ कुमार, उपाध्यक्ष ज्योतिष जी, झिलिक कुमारी,अमृत मुंडा जी, सह सचिव दीप रजक, एवम मुख्य कार्यकारी सदस्य बी के महतो, विशाल नायक, आर्यन, प्रियांका, शार्वेन, दीपक आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मॉब लिंचिंग की घटना जघन्य, दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मिले सजा : प्रतुल



चंदवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लाधुप पंचायत के अति उग्रवाद प्रभावित हेसला गांव में मंगलवार की देर रात हुई वृद्ध दंपति की डायन बिसाही के नाम पर मॉब लिंचिंग की घटना की जानकारी लेने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव बुधवार को हेसला गांव पहुंचे। प्रतुल ने ग्रामीणों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। दंपति की मॉब लिंचिंग पर गहरा आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि यह एक जघन्य अपराध है। इस अपराधिक घटना में शामिल सभी लोगों का मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट से फांसी की सजा दिलानी चाहिए।प्रतुल ने कहा प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि एक भी दोषी बचे नहीं और एक भी निर्दोष बेवजह फंसे नहीं।।प्रतुल ने कहा कि घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।अधिकांश लोगों ने गांव छोड़ दिया है। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में हिंसात्मक घटना में वृद्धि आ; है। कानून का राज समाप्त होता जा रहा है।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

# ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना राहत टीम को 24 घंटे रखें तैयार : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में बुधवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई दिशा-निर्देश दी। इस दौरान बैठक में डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडेय ने एनएचएआई के अधिकारियों को जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटना की रोकथाम के लिए उचित करवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का निर्माण करने का निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिया, जिससे कोई भी दुर्घटना होने के बाद पीड़ित को क्विक रेस्पॉन्स मिल सके। उन्होंने जिले के सभी ब्लैक स्पॉट के समीप दुर्घटना राहत टीम को 24 घंटे तैयार रखने का निर्देश दिया। चुटूपालू घाटी में खराब लाइट और बेंट पोल को दुरुस्त करने का निर्देश

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेगा पांच हजार

बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि जो व्यक्ति दुर्घटना के समय पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है, उसके लिए राज्य सरकार के द्वारा 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि संबंधित व्यक्ति को दी जाती है। इस संबंध में डीसी ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने और ऐसे मामले सामने आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित को मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीसी ने राष्ट्रीय राजमार्गों व राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने और लगे हुए स्ट्रीट लाइट का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिये। साथ ही चुटूपालू घाटी में खराब लाइट और बेंट पोल को दुरुस्त कर रात्रि के समय लाइट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया।

### भीड़भाड़ और सड़क किनारे सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों को सहयोगात्मक दृष्टि से वैसे दुकान जो भीड़ भाड़ वाले इलाके और सड़क के किनारे स्थित हैं के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### आश्रित को राज्य आपदा मोचन निधि के माध्यम से दिया जा रहा मुआवजा

बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि अगर सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित को राज्य आपदा मोचन निधि के माध्यम से 1 लाख रुपये तक कि मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाती है। वही हिट एंड रन के मामलों में भी मुआवजा राशि का प्रावधान है।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारियों, प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीसीएल सीवीओ ने न्यू साइडिंग और तोपा खुली खदान का किया निरीक्षण

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के सीवीओ पंकज कुमार बुधवार को कुजू जीएम कार्यालय पहुंचे। जहां कुजू महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने महाप्रबंधक को सीसीएल कुजू क्षेत्र में गाइड लाईन का हर हाल में पालन करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात उन्होंने जीएम कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। जिसके बाद वे तोपा परियोजना स्थित खुली खदान और कुजू न्यू रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। मौके पर कुजू महाप्रबंधक सहित जीएम ऑपरेशन पीके गुप्ता, एसओपी एमएफ हक, मैनेजर तोपा एमके सिंह, संतोष कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## निर्माण कार्य का पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने आज चल रही तालचेर-बिमलागड रेल लाइन परियोजना के सुनाखणी और खमार के बीच निर्माणाधीन रेल लाइन खंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व तट रेलवे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और खुर्दा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रॉय भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने अधोसंरचना कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी ताकि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण हो सकें। 150 किलोमीटर लंबी तालचेर-बिमलागड रेल लाइन परियोजना का निर्माण दूर-दराज के इलाकों में है और यह माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की कड़ी निगरानी वाली परियोजनाओं का हिस्सा है। तालचेर और सुनाखणी के बीच 17.62 किलोमीटर रेल लाइन पहले ही पूरी हो चुकी है। सुनाखणी-समल-परबील के बीच 16.31 किलोमीटर का मार्ग शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा। भूमि अधिग्रहण में विलंब एवं भूमि संबंधी अनेक विवादों एवं न्यायालयीन प्रकरणों की उपस्थिति के कारण कार्य निष्पादन की गति धीमी हो रही थी जो अब रिक्त हो चुकी है तथा भूमि विवाद से मुक्त होने के बाद अब निर्माण कार्य में तेजी लायी जायेगी। श्री शर्मा ने बेहतर यातायात संचालन और हितधारकों और उद्योगों को लाभ प्रदान करने के लिए तालचेर में रेलवे साइडिंग का भी निरीक्षण किया। यातायात सुविधा कार्यों की समीक्षा करते हुए महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में परेशानी मुक्त यातायात की सुविधा सुनिश्चित की जाये।

## किट ने जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के साथ समझौता किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** किट यूनिवर्सिटी और जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बिजनेस के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। एमओयू पर कीट विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर सस्मिता सामंत और जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय की ओर से इसके प्रोवोस्ट और शैक्षणिक मामलों के कार्यवाहक उपाध्यक्ष क्रिस्टोफर ब्राके ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के अनुसार, दोनों संस्थान उच्च शिक्षित लोगों को अकाउंटिंग एनालिटिक्स, बिजनेस एनालिटिक्स, फाइनेंस, इंफॉर्मेशन सिस्टम्स, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंटरडिसिप्लिनरी बिजनेस स्टडीज के क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार करेंगे। जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में बिजनेस एनालिटिक्स, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और सूचना प्रणाली प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए किट छात्रों को इन पाठ्यक्रमों में 6 क्रेडिट पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। किट यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर सस्मिता सामंत ने कहा, इससे ओडिशा और प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च शिक्षा हासिल करने का लक्ष्य रखने वाले भारतीय छात्रों को फायदा होगा। किट एंड किस के संस्थापक अच्युत सामंत जॉर्ज राइटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मार्क एस. वाशिंगटन यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल में ग्रेजुएट प्रोग्राम के वाइस डीन शिवराज कानूनगो को धन्यवाद दिये।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष में मारे गये लोगों के लिए अनुग्रह राशि में वृद्धि की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में हर साल मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारण कई लोगों की मौत हो जाती है। इसके अलावा घर बर्बाद हो रहे हैं और फसलें बर्बाद हो रही हैं और पालतू जानवर भी मर रहे हैं। यह न केवल इन पीड़ितों के परिवारों के लिए एक अपूर्णीय क्षति है, बल्कि अपनों को खोने के बाद वे गहरे मानसिक तनाव में भी रहते हैं। अतः मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वन्य प्राणी हमले के पीड़ितों के निकट संबंधियों के लिए मुआवजे की राशि और संपत्ति के नुकसान के लिए सहायता राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस नए निर्णय के अनुसार वन्य प्राणी आक्रमण से मानव की मृत्यु होने पर मुआवजे की राशि चार लाख रुपये से बढ़ाकर छह लाख रुपये कर दी गई है। इसी तरह गुरुत्बर आहत लगने पर सहायता राशि भी बढ़ाई गई है। 60 प्रतिशत से कम अक्षमता की स्थिति में सहायता राशि एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये तथा 60 प्रतिशत से अधिक अक्षमता की स्थिति में सहायता राशि बढ़ाकर 2.50 लाख रुपये की गई है। इसी तरह सामान्य चोट की स्थिति में पहले सहायता राशि 5 हजार रुपये थी। अब एक सप्ताह से अधिक समय तक इलाज की जरूरत पड़ने पर उस स्थिति सरकारी हस्पताल मुफ्त इलाज के साथ 10.000 रुपये की सहायता दिया जाएगा। उपचार की अवधि एक सप्ताह से कम होने पर सरकारी अस्पतालों में पूर्णतः निःशुल्क उपचार के साथ-साथ 5000 रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। मवेशियों की मौत होने पर सहायता राशि भी बढ़ाई गई है। गाय या भैंस की मौत की स्थिति में सहायता राशि बढ़ाकर 37,500 रुपये और बैल की मौत की स्थिति में 32,000 रुपये की गई है। पहले यह 5 हजार रुपए थी। बछड़े की मौत पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर2500 से 5000 हजार रुपये किया गया है. बकरियों और भेड़ों की मृत्यु के मामले में इसे 2000 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये और मेमनों की मृत्यु के मामले में 750 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किया गया है। फसल खराब होने पर सहायता राशि भी बढ़ाई गई है। चावल एवं अन्य खाद्यान्न (अनाज) की हानि होने पर सहायता राशि 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रति एकड़ की गई है। आर्थिक फसल क्षति होने पर सहायता राशि 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये की गई है। इसी तरह मकानों के आंशिक नुकसान की स्थिति में सहायता राशि 2000 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये की गई है। मकान पूरी तरह से गिराने पर बीजू पक्का घर या उसी मूल्य का अर्थ के साथ और 20 हजार रुपये दिये जायेंगे। पहले यह सहायता राशि 10,000 रुपये थी।

## छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास डबल लाइन और यार्ड रीमॉडेलिंग कार्य के लिए सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में रायपुर रेलवे स्टेशन के निकट सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य एवं हिंदोल रोड-मेरामंडली एवं तालचेर-अंगुल रेल खंड के बीच पुल निर्माण कार्य को देखते हुए पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र से चलने वाली एवं समाप्त होने वाली निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार प्रभावित रहेंगीः **ट्रेनों का रद्द होनाः** 08277 टिटिलागड-रायपुर पैसेंजर स्पेशल टिटिलागड से दिनांक 04.05.2023 से 09.05.2023 तक। 08278 रायपुर-टिटिलागड पैसेंजर स्पेशल रायपुर से दिनांक 05.05.2023 से 10.05.2023 तक। 18530 विशाखापत्तनम-दुर्ग एक्सप्रेसः 08.05.2023 को वीएसकेपी से। 18529 दुर्ग-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस दुर्ग से दिनांक 09/05/2023 को 08275 रायपुर-जूनागड रोड पैसेंजर स्पेशल दिनांक 09/05/2023 को रायपुर से । 08276 जूनागड रोड-रायपुर रोड पैसेंजर स्पेशल दिनांक 10/05/2023 को जूनागड रोड से। 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से दिनांक 04/05/2023 एवं 07/05/2023 को बंद रहेगी। ट्रेनों का पुनर्निर्धारणःविशाखापत्तनम से 18530 विशाखापत्तनम-दुर्ग एक्सप्रेस 04/05/2023 व 06/05/2023 को 1655 बजे के बजाय 1855 बजे रवाना होगी। 22974 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस पुरी से दिनांक 06/05/2023 को 1115 बजे के स्थान पर 1515 बजे प्रस्थान करेगी.18518 विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से दिनांक 09/05/2023 को 2105 बजे के बजाय 10.05.2023 (09.05.2023 की मध्यरात्रि) को 0005 बजे प्रस्थान करेगी।

**ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन/आंशिक रूप से रद्दः** 08528 विशाखापत्तनम-रायपुर पैसेंजर स्पेशल वीएसकेपी से 04.05.2023 व 09.05.2023 को महासमुंद तक चलेगी और महासमुंद से रायपुर तक रद्द रहेगी। 08527 रायपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर स्पेशल रायपुर से दिनांक 05.05.2023 एवं 10.05.2023 को महासमुंद से निकलेगी और महासमुंद एवं रायपुर के बीच रद्द रहेगी। 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस पुरी से दिनांक 08/05/2023 एवं 09/05/2023 को महासमुंद तक चलेगी तथा महासमुंद से दुर्ग तक रद्द रहेगी। 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस दुर्ग से दिनांक 09/05/2023 एवं 10.05.2023 को महासमुंद से निकलेगी तथा दुर्ग एवं महासमुंद के बीच रद्द रहेगी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे पर कार्यक्रम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मीडिया एंड कम्युनिकेशन क्लब के छात्रों द्वारा सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे मनाया गया। एक विशेष सभा आयोजित की गई जहां छात्रों ने मीडिया के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्रधानाचार्य श्रीमती परमजीत कौर का एक साक्षात्कार भी लिया, जहां उन्होंने महामारी के बाद की चुनौतियों, एनईपी 2020 और पाठ्यक्रम में बदलाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को उन कौशलों से भी अवगत कराया जो उन्हें एक अच्छा वक्ता बनने के लिए विकसित करने होंगे। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्होंने छात्रों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के उल्लेखनीय प्रयासों की प्रशंसा की और और उन्हें समाज के जिम्मेदार सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है, इसलिए हमें इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

## यूको बैंक ने अब तक का सर्वाधिक वार्षिक निवल लाभ अर्जित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** यूको बैंक ने अब तक का सर्वाधिक वार्षिक निवल लाभ अर्जित किया। यूको बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान अर्जित 929 . 76 करोड़ रुपये के निवल लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान 1862.34 करोड़ का अबतक का सर्वाधिक वार्षिक निवल लाभ अर्जित किया है। इसमें वर्ष दर वर्ष 100.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वैश्विक कारोबार 31/03/2022 के 3,53,850.24 करोड़ रुपये की तुलना में 31/03/2023 को बढ़ाकर 4.10,967.19 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसमें वर्ष दर वर्ष 16.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह भी बैंक के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है। वैश्विक जमा राशि 31.03.2022 के 2,24,072.90 करोड़ की तुलना में 31.03.2023 को बढ़कर 2,49,337.74 रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। इसमें वर्ष दर वर्ष 11.28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लोन बुक 31.03.2022 के 1,29,777.34 करोड़ की तुलना में 31.03.2023 को 1,61,629.45 करोड़ रहा। वर्ष दर वर्ष इसमें 24.54 प्रतिशत की ठोस वृद्धि हुई है। निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 2022 के रु. 6472.95 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023 में 7,343.13 करोड़ रुपये हो गयी।

## सुनीता चौधरी पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति की सदस्य बनीं



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी को पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति का सदस्य बनाया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि समिति की सभापति सबिता महतो हैं।

## राष्ट्रपति 4 से 6 मइ तक ओड़िशा का दौरा करेंगी



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति 4 मई को पहाड़पुर में स्किल ट्रेनिंग हब और कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास करेंगी। इसके बाद, मुर्मु ब्रह्म कुमारी सेंटर, हाटबद्रा जाएंगी, जहां वे ब्रह्म कुमारी सेंटर के 'व्यसन मुक्त ओडिशा' अभियान की शुरूआत करेंगी। उसी शाम, राष्ट्रपति रायरंगपुर स्टेडियम में रायरंगपुर नगर पालिका द्वारा उनके सम्मान में आयोजित किये जाने वाले नागरिक अभिनंदन में भाग लेंगी। 5 मई, 2023 को राष्ट्रपति पंडित रघुनाथ मुर्मु को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। बाद में वे सिमिलिपाल अभयारण्य का दौरा करेंगी। 6 मई, 2023 को राष्ट्रपति बारिपदा में महाराजा श्रीराम चंद्र भंज देव विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में उपस्थित होंगी।

## रेडियो खांची 90.4 एफएम के शो रू-ब-रू में दिलीप तेतरवे का साक्षात्कार हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आरयू के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खांची 90.4 एफएम के शो रू ब रू मेंरांची के प्रसिद्ध पत्रकार, व्यंग्यकार, कार्टूनिस्ट, नाटककार व कवि, दिलीप तेतरवे का साक्षात्कार आरजे रंजन ने लिया। साक्षात्कार के दौरान दिलीप ने बताया कि उन्होंने मात्र 11 वर्ष की उम्र से कविताएं लिखनी शुरू कर दिया था, वे रांची विश्वविद्यालय के विज्ञान के विद्यार्थी रहे हैं पर उनकी मां के कारण बचपन से ही कला में उनकी खास रुचि रही है। दिलीप तेतरवे ने अपने 40 साल के पत्रकारिता में अनुभव को साझा किया। उन्होंने आज के युवाओं को मैसेज देते हुए कहा कि आजकल हम कहीं ना कहीं लेखनी में आत्मीयता खो रहे हैं, जिससे हमें विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस साक्षात्कार के दौरान रेडियो खांची में डायरेक्टर डॉ बी पी सिंहा और पूरी टीम मौजूद रही। यह कार्यक्रम रेडियो खांची के शो रू ब रू में 08 मई 2023 को सुबह 11:10 प्रसारित की जायेगी।

## पीजी मास काम रांची विश्वविद्यालय के किरण कुमार साहू को मिला गोल्ड मेडल



**रांची (आजाद सिपाही)।** 36वें दीक्षांत समारोह में रांची विश्वविद्यालय के पीजी मास कम्युनिकेशन में टॉपर किरण कुमार साहू को गोल्ड मेडल मिला। किरण कुमार साहू सत्र पीजी 2020-22 के छात्र रहे हैं। कुलाधिपति द्वारा उपाधि और गोल्ड मेडल से सम्मानित होने से प्रसन्न किरण कुमार साहू ने कहा कि वह पत्रकारिता और अध्यापन के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता के लिये अपने विभाग और शिक्षकों को श्रेय दिया।

# न्यूटन ट्यूटोरियल्स रांची में जेइइ मेंस के सफल छात्रों को सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** हरिओम टॉवर, सर्कुलर रोड, रांची एएसए न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा. लिमिटेड का फेलिसिटेशन प्रोग्राम संध्या 04 रुपये बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें जेइइ मेन्स 2023 में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन न्यूटन ट्यूटोरियल्स के शिक्षको इमरान अली, प्रणव कुमार, पंकज कुमार, मदन मोहन, सलमान अली, चंदन कुमार, चंदन पाण्डे के उचित मार्गदर्षन में किया गया। इस प्रोग्राम में लगभग 300-350 छात्र अभिभावक गण मौजुद थे। सम्मानित होने वाले छात्रों का निम्नलिखित रेंक हैं -अनन्ये 270, अयनिप्रीति 287, अंकित कुमार 379 , अनिकेत कुमार 1537 , शिवम कुमार 1940, एमडी सोहेल अंसारी 2407, अर्श खान 2473 सामान्य, श्रुति सिंह 3078 सामान्य, ओशिन 3832, विवेक 4890, अवाश एहसान 4938 सामान्य, यश कुमार6245, निधि 6940, मनीषा 7175, मोहित कुमार 7518, शिवम मोदी 8845, पायल सोनी 8585 सामान्य, प्रदीप मोदक 854, पल्लवी कुमारी 9874, सरबजीत राणा 9955, आदित्य आर्यन 10874, अर्पित आनंद 11808, अरमान राज 11809, पीयूष कुमार 12423, राहुल राज 13804, प्रिंस कुमार 14255, अनुभूति 16101, सना परवीन 16797, करण कुमार 17304, स्वीटी कुमारी 17863, सिकंदरा एआइआर 18868, विपुल विनीत एआईआर 37092 जनरल आदि छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रम के द्वारा सफलता पायी हैं।

### बच्चों को सफल होने के अनेकों टिप्स दिये

समारोह का संचालन प्रणव कुमार, मदन मोहन एवं चंदन पांडे सर ने की। इन्होने बच्चों को सफल होने का अनेकों टिप्स दिया। मीडिया के साथ कुछ सफल छात्रो के बीच बातचीत का कुछ अंश इस प्रकार हैं। मै दसवीं कक्षा पास करने के बाद जानकारी लेने के लिये पहली बार न्यूटन ट्यूटोरियल्स के ऑफिस पहुंचा तो हमे जो भी जारकारियां मिली उससे मुझे ऐसा लगा कि अगर वाकई में 60 छात्रों का एक बैच होगा, 10 घंटे डाऊटस एवं लाइब्रेरी कि सूविधा 6 दिन मिलती है और शिक्षकों का मिलनसार व्यवहार मिला तो मै मेहनत करके जरुर अपनी मन्जिल को प्राप्त कर लूंगा, यही समझ कर मैंने न्यूटन ट्यूटोरियल्स पर विश्वास करते हुए फाउंडेशन कोर्स में नामाकंन करवाया, नामाकंन करवाने के बाद वो सभी सुविधायें मुझे मिली जो मैंने पहली बार न्यूटन ट्यूटोरियल्स के ऑफिस से जानकारी प्राप्त किया था, पढाई के दौरान अध्याय वार परीक्षण, आवधिक परीक्षण, पूर्ण लंबाई परीक्षण एवं हर टेस्ट के बाद चर्चा कक्षाएं से मेरा अवधारणा और भी जीक्यूवीके साफ करें मै अपनी सफलता का परा परा श्रेय न्यूटन ट्यूटोरियल्स कि सभी सुविधाओं के साथ साथ सचालक प्रणव कुमार सर, इमरान अली सर, मदन मोहन सर, पंकज सर, मनीष झा सरो देता हूं जिन्होंने मार्च के महीनों में भी मुझे अपने चैंबर में बैठाकर पढ़ाते रहे और मेरा डाऊटस का निदान करते रहे जबकि मार्च के महीने में कहीं भी पढाई नही होती है।

## रांची विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को कर्मचारियों ने मिलकर सार्थक किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के 36 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और कुलपति प्रतिकुलपति के द्वारा डिग्री का वितरण किया गया गोल्ड मेडलिस्ट से लेकर पीएचडी धारक को और विभिन्न विषयों के छात्र छात्राओं को अतिथियों के द्वारा डिग्री प्रदान की गयी। रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के कर्मचारियों की मेहनत आज सार्थक होते हुए दिखा डिग्री विभाग के इंचार्ज वीरेंद्र कुमार वर्मा और उनकी टीम के द्वारा डिग्री तैयार करने से लेकर प्रदान करने तक में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। बताते चलें कि विगत 1 मार्च से विभाग के कर्मचारी सुधीर मंडल मुकेश कुमार वर्मा संजीत राज मनोज कुमार महतो इत्यादि कर्मचारियों के द्वारा कन्वोकेशन में डिग्री प्रदान करने को लेकर तैयारी की जा रही थी जिससे और सभी कर्मचारियों ने मिलकर सार्थक किया।

# एक अच्छा तलाक: भारत के सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

सभी शादियां खुशनुमा नहीं होतीं और सभी तलाक दुखी करने वाले नहीं होते। जो लोग खटास भरी शादी से बाहर निकलना चाहते हैं, उनके लिए सोमवार को तलाक पर आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला, एक अच्छा कदम है। किसी भी 'कारण या मामले' में 'पूर्ण न्याय' करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 (1) की 'दिशा दिखाने वाली भावना' पर भरोसा करते हुए, एक संवैधानिक खंडपीठ ने कहा कि वह इस असाधारण विवेकाधीन शक्ति का इस्तेमाल, ऐसे फंसे हुए जोड़ों को आपसी सहमति से तलाक देने के लिए कर सकती है, जिनके विवाह में कड़वाहट आ गई हो। इसका उद्देश्य शादीशुदा जोड़ों को हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 13 बी के तहत निर्धारित, किसी स्थानीय अदालत में छह से 18 महीने तक इंतजार करने की 'पीड़ा और दुख' से बचाना है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि तलाक का कानून, मुख्य रूप से गलती साबित करने पर आधारित है और यह टूटी हुई शादियों को संबोधित करने में नाकाम साबित हुआ है। पीठ ने कहा कि अगर किसी शादी में बेहतरी की कोई उम्मीद नहीं बची है, तो इस तथ्य को स्वीकार करना ही सार्वजनिक हित में है, न कि 'विवाहित' स्थिति को बनाए रखने में। न्यायालय ने कहा कि वह धारा 142 का इस्तेमाल, लंबित आपराधिक या कानूनी कार्यवाही को समाप्त करने के लिए कर सकती है। चाहे वह घरेलू हिंसा या दहेज से संबंधित हो या फिर वह किसी महिला या पुरुष के खिलाफ हो। इस बात को आगे बढ़ाते हुए खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 'शादी में आ चुकी न भरे जाने लायक दरार' के आधार पर तलाक का फैसला सुना सकती है, अगर 'अलग होना अपरिहार्य है और खटास को ठीक नहीं किया जा सकता'। हिंदू विवाह अधिनियम के तहत, शादी में आ चुकी न भरे जाने लायक दरार के आधार पर तलाक देने का प्रावधान नहीं है। अदालत के फैसले में सतर्कता की बातें भी थीं कि तलाक देना किसी व्यक्ति के 'अधिकार का विषय नहीं होगा, बल्कि यह एक ऐसा विवेक है जिसका इस्तेमाल बेहद सावधानी से किया जाना चाहिए... इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि दोनों पक्षों को 'पूर्ण न्याय' मिल सके।' वैवाहिक मामलों में अनुच्छेद 142 को लागू करने से पहले, सुप्रीम कोर्ट कई बातों पर विचार करेगी। इनमें विवाह की अवधि, मुकदमे की अवधि, जोड़े के अलग रहने की अवधि, लंबित मामलों की प्रकृति और सुलह की कोशिशें शामिल हैं। अदालत को यह सुनिश्चित करना होगा कि तलाक आपसी सहमति से हुआ है और इसमें किसी के साथ किसी भी तरह की जोर-जबरदस्ती नहीं की गई है। भारत में पिछले दो दशकों में तलाक की संख्या दोगुनी हो गई है, लेकिन फिर भी तलाक के मामले अभी 1.1 फीसदी ही है। इनमें शहरी क्षेत्रों की हिस्सेदारी बहुत बड़ी है। हालांकि, तलाक के आंकड़े पूरी कहानी बयां नहीं करते। कई महिलाएं ऐसी हैं जिन्हें बिना तलाक के ही छोड़ दिया गया है, खासकर गरीब तबकों में।

**खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 'शादी में आ चुकी न भरे जाने लायक दरार' के आधार पर तलाक का फैसला सुना सकती है, अगर 'अलग होना अपरिहार्य है और खटास को ठीक नहीं किया जा सकता'।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। इसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकारों, विभिन्न आधिकारिक एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सहकारी समितियों ने किसी एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख ऑनलाइन लेनदेन के जरिए दो लाख करोड़ रुपये (24 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की। यह समावेशी विकास, पारदर्शिता, दक्षता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वचनबद्धता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।**

# गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस: एक बहुमूल्य रत्न!



पीयूष गोयल

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। इसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकारों, विभिन्न आधिकारिक एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सहकारी समितियों ने किसी एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख ऑनलाइन लेनदेन के जरिए दो लाख करोड़ रुपये (24 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की। यह समावेशी विकास, पारदर्शिता, दक्षता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वचनबद्धता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।

जीईएम सही अर्थों में एक रत्न है। इसने पुराने पड़ चुके आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय (डीजीएसएंडडी) का स्थान लिया है। उचित रूप से, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए कार्यालय भवन, वाणिज्य भवन, का निर्माण उस भूमि पर किया गया है जहां कभी डीजीएसएंडडी हुआ करता था। इस भवन के शिलान्यास समारोह में, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सही ही कहा था: 'अब 100 साल से अधिक पुराने इस संगठन को बंद कर दिया गया है और इसके स्थान पर डिजिटल तकनीक पर आधारित एक नए निकाय - 'गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस' को लाया गया है। जीईएम ने सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद के तौर-तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है।'

**जीईएम ने सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद के तौर-तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है।**

अगस्त 2016 में स्थापित होने के बाद से, जीईएम के कामकाज में असाधारण प्रगति हुई है। इस पोर्टल पर होने वाले लेनदेन का कुल मूल्य 2022-23 में लगभग दोगुना होकर पिछले वित्तीय वर्ष में 1.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में 422 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ इसकी अनूठी यात्रा शुरू हुई थी।




**इस पोर्टल की परिवर्तनकारी सफलता पूरी अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है क्योंकि यह 'रत्न' अमृत काल के दौरान दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ा रहा है। खासकर उस समय में जब भारत प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित देश बनने की राह पर अग्रसर है।**

इस पोर्टल का शुभारंभ वस्तुओं एवं सेवाओं की सार्वजनिक खरीद को प्रधानमंत्री के 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' के मिशन और सरकारी प्रणालियों को ईमानदार, प्रभावी और सभी के लिए सुलभ बनाने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की उनकी रणनीति के अनुरूप ढालने के उद्देश्य से किया गया था। जीईएम की प्रतिस्पर्धी बोली जैसी पारदर्शी कार्यप्रणालियों ने सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को करदाताओं के लगभग 40,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। इस तरह की पहलों ने मोदी सरकार को राजकोषीय स्थिति से समझौता किए बिना कल्याणकारी कार्यों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने में मदद की है।

कई अर्थों में, जीईएम लोगों द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पक्ष में जबरदस्त मतदान किए जाने के बाद से शासन-प्रशासन में लाए गए बदलावों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। लोग पिछली सरकार से तंग आ चुके थे, जो हमेशा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रहती थी। उस सरकार के कई मंत्रियों के लिए तो विभिन्न अखबारों के मुख्य पृष्ठों पर छपने वाली शर्म और लांछन की रोज की खुराक ही उनकी जीवनशैली का एक आधार थी।

इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व वृद्धि से कहीं अधिक है और यह अपने-आप में ई-कॉमर्स की किसी भी बड़ी कंपनी को ईर्ष्या से भर देने के लिए काफी है। इस नई प्रणाली ने सदियों पुरानी उन प्रक्रियाओं की जगह ली है जो अक्षमताओं और भ्रष्टाचार से ग्रस्त थीं। सरकारी खरीद अपारदर्शी, काफी समय लेने वाली, बोझिल और भ्रष्टाचार एवं निर्माताओं की गुटबंदी (कार्टेलाइजेशन) में लिप्त हुआ करती थी। केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोग ही प्रवेश संबंधी विशाल बाधाओं को पार कर पाते थे। खरीदारों के पास विशेषाधिकार प्राप्त और अक्सर बेईमान आपूर्तिकर्ताओं से ऊंची एवं बिना मोल-भाव वाली कीमतों पर घटिया सामान खरीदने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। जबकि संभावित विक्रेताओं को सूचीबद्ध होने और फिर समय पर भुगतान पाने के लिए पूरी तरह से सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी की दया पर निर्भर रहना होता था और दर-दर भटकना पड़ता था।

इसके उलट, इस प्रौद्योगिकी- संचालित प्लेटफॉर्म के जरिए विक्रेता पंजीकरण, ऑर्डर देने और भुगतान की प्रकिया में शायद ही कोई मानवीय हस्तक्षेप शामिल होता है। हर कदम पर खरीदार, उसके संगठन के प्रमुख, भुगतान करने वाले अधिकारियों और विक्रेताओं को एसएमएस और ई-मेल के जरिए सूचनाएं दी जाती हैं।

कागजरहित, नकदरहित और फेसलेस जीईएम की यह प्रणाली खरीदारों को असंख्य विक्रेताओं से सीधे प्रतिस्पर्धी दरों पर वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद करने की आजादी देता है। यह नई प्रतिस्पर्धी प्रणाली प्रधानमंत्री श्री मोदी की डिजिटल इंडिया की पहल पर आधारित क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला एक और कदम है। इसने सार्वजनिक खरीद के तौर-तरीकों को बदल दिया है और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और छोटे व्यापारियों के लिए लोकप्रिय सरकारी आर्डर हासिल करना संभव बनाया है।

ठोस आंकड़े और तीसरे-पक्ष द्वारा किए गए व्यावहारिक विश्लेषण जीईएम की सफलता की पुष्टि करते हैं। विश्व बैंक और आईआईएम लखनऊ द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन में औसत मूल्य से औसतन 10 प्रतिशत की बचत का अनुमान लगाया गया है। विश्व बैंक का कहना है कि प्रत्येक नए बोलीदाता के जुड़ने से बचत में 0.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के एक अध्ययन से यह पता चला है कि 2021-22 में वार्षिक लागत बचत 8 प्रतिशत -11 प्रतिशत के दायरे में थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सही ही जीईएम के उद्देश्य को 'न्यूनतम मूल्य और अधिकतम आसानी, दक्षता व पारदर्शिता' के रूप में अभिव्यक्त किया है।

इस पोर्टल पर 32 लाख से अधिक सूचीबद्ध उत्पादों के साथ 11,500 से अधिक उत्पाद श्रेणियां उपलब्ध हैं। इनमें 280 से अधिक श्रेणियां सेवा क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं और ये 2.8 लाख से अधिक सेवा संबंधी पेशकश करती हैं। जीईएम 67,000 से अधिक सरकारी खरीदार संस्थानों की खरीद संबंधी विविध जरूरतों को पूरा कर रहा है। इन संस्थानों ने सभी खरीदारों और विक्रेताओं को समान अवसर देने वाले जीईएम की मदद से लगभग 40,000 करोड़ रुपये की बचत की है।

मूल्य की दृष्टि से अगर देखें, तो विभिन्न राज्यों की ओर से लगभग 60 प्रतिशत ऑर्डर सूक्ष्म और लघु उद्यमों को दिए गए हैं। विभिन्न राज्यों ने दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले व्यवसायियों सहित अपेक्षाकृत कम सुविधा पाने वाले व्यवसायियों के लिए पहुंच में आसानी को दर्शाते हुए विभिन्न स्टार्ट-अप को भी 1,109 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए हैं।

पुरानी और गहरी जड़ें जमा चुकी खरीद प्रक्रियाओं को पुनर्व्यवस्थित करने में पेश आने वाली व्यापक जटिलताओं को देखते हुए, जीईएम वैश्विक स्तर पर शुरू की गई बदलाव-प्रबंधन की सबसे बड़े कवायदों में से एक है और प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार की कार्यशैली के अनुरूप है। टीकाकरण, मुफ्त भोजन के वितरण, एलईडी बल्बों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के निर्माण और डिजिटल भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि आदि जैसे मामलों में दुनिया में अग्रणी होना इस कार्यशैली के कुछ उदहारण हैं।

इस पोर्टल की परिवर्तनकारी सफलता पूरी अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है क्योंकि यह 'रत्न' अमृत काल के दौरान दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ा रहा है। खासकर उस समय में जब भारत प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित देश बनने की राह पर अग्रसर है।

**(लेखक भारत सरकार में रेलवे तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# दयानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्राइज नाइट आयोजित

**असफलता से निराश नहीं होना, लगातार प्रयास से ही मिलती है निश्चित सफलता : एसडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** दयानंद पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए वार्षिक प्राइज नाइट का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा उपस्थित हुए। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर स्कूल की प्राचार्य स्वर्णा मिश्रा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर एसडीओ पीयूष सिन्हा ने बताया विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासन के साथ लगन और मेहनत करना बहुत जरूरी है। असफलता से निराश नहीं होना है। बल्कि लगातार प्रयास से ही निश्चित रूप से सफलता मिलती है। एसडीओ श्री सिंहा कहा हर बच्चे में अलग-अलग प्रतिभाएं होती हैं। जरूरत उनको मंच प्रदान करने की। उनकी प्रतिभाओं को आकार देने के लिए स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ साथ खेलकूद व अन्य प्रतिक्रिया में भी बच्चों का विकास होना जरूरी है। इस अवसर स्कूल के छात्र व छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वार्षिक प्राइज नाइट के दौरान शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के अलावा खेल, गीत, नृत्य, अभिनय एवं अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर जेईई मेंस परीक्षा में 98.88% अंक प्राप्त करने वाले छात्र आदित्य राज को सम्मानित किया गया। मौके पर आर्य समाज ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. आरएन शर्मा, शिक्षा समिति के अध्यक्ष ज्ञान तनेजा सहित स्कूल के शिक्षक व शिक्षिका सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन साकची स्तिथ अग्रसेन भवन में किया गया। बुधवार को समाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं फोर्टिस अस्पताल कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शिविर में सैकड़ो पत्रकारों का जांच किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी ने वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम अग्रवाल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल व वरिष्ठ महिला पत्रकार अन्नी अमृता को अंग वस्त्र भेंट किया गया। स्वास्थ्य शिविर में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोर्टल न्यूज समेत रेडियो जगत के 102 से अधिक मीडियाकर्मियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में फोर्टिस अस्पताल कोलकाता टीम के सदस्य डॉ. एस जे सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ. पंकज कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. अफसाना, दंत चिकित्सक डॉ. आर के साह फिजियोथेरेपी,आई टीम-एएसजी आई हॉस्पिटल, सहयोगी बिकेश सिन्हा, कैंप प्रबंधक विकास अग्रवाल, शिविर समन्वयक राहुल कुमार, शुगर टेक्नीशियन विजय कुमार, ब्लड प्रेशर टेक्निशियन राजकपूर प्रसाद, व बीएमआई, हाइट, वजन, शुगर टेक्नीशियन पत्रकारों की जांच के लिए मौजूद रहे। जांच शिविर में अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा लोगों की नि:शुल्क जांच की गई।पीड़ितों को दवा व चश्मा भी नि:शुल्क मुहैया कराया गया। इस अवसर पर कुणाल षाड़गी ने कहा पत्रकार जान जोखिम में डाल कर लोगों तक खबर पहुंचाते हैं। पत्रकारों की स्वास्थ्य जांच के लिये ही यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। वे अपने स्वास्थ्य की परवाह न कर समाजहित में लगातार कार्य करते हैं। उन्होंने लौहनगरी के सभी पत्रकारों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। मौके पर नाम्या स्माइल फाउन्डेशन के बिमल बैठा, धर्मेंद्र प्रसाद, इंदरजीत सिंह, सतप्रीत सिंह, धवल सेट, पुर्नेन्दु अचार्या, संतोक सिंह, सूर्या राव, राजवीर सिंह, भूषण ढींगरा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डायन कुप्रथा के खिलाफ बहरागोड़ा पुलिस ने पोस्टर साट कर ग्रामीणों को किया जागरूक



**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** बहरागोड़ा थाना प्रभारी संतन तिवारी और अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डायन विसाही जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ पोस्टर साटकर लोगों को जागरूक किया। मौके पर थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को डायन विसाही जैसी कुप्रथाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया और ऐसी कुप्रथाओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि डायन कहने या डायन के नाम पर अत्याचार करने वालों के विरोध में डायन प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तहत कठोर सजा और जुर्माना हो सकता है। पुलिस की इस पहल को लोगों ने काफी सराहा और कहा कि इस तरह जागरूकता फैलाने से डायन विसाही कहकर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर प्रतिबंध लगेगा।

# शहीद दिलीप बेसरा को घाटशिला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने शहीद दिलीप बेसरा को उनके 18वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने घाटशिला के गोपालपुर स्थित शहीद दिलीप बेसरा की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री मार्डी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि यह अनुमंडल के लिए गौरव की बात है कि यहां के बेटे दिलीप बेसरा ने सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान किया। उन्होंने कहा कि दिलीप बेसरा ने अपने लिए नहीं, देश के लिए बलिदान किया है, उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश के हर माता-पिता को बलिदानी दिलीप बेसरा के माता-पिता की सोच से प्रेरणा लेकर यह सोचना चाहिए कि उनका भी एक बेटा देश की सुरक्षा में लगे। देश सुरक्षित रहेगा तभी हम सब सुरक्षित रहेंगे। मौके पर उप मुखिया सुजन कुमार मन्ना, सुबोध सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुखेन दास, सुपाई मार्डी, सुरेश मुखी, सुमन सिंहदेव, मनदीप सिंह, सुधू तोमर, जनमेजय बारिक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा की अध्यक्ष बनीं निशा सिंघल

**दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, निशा सिंघल को 27 और रजनी बंसल को 17 वोट मिले**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा सत्र 2023-24 के लिए बुधवार की देर शाम को संपन्न हुए चुनाव में निशा सिंघल 10 वोट से जीतकर अध्यक्ष चुनी गयी। दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। निशा सिंघल को 27 और रजनी बंसल को 17 वोट मिले। कुल 70 वोटर थे, जिसमें 44 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया. मतों की गिनती के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी मनीषा संघी ने निशा सिंघल की जीत की घोषणा की। इस संबंध में निर्वतमान अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि एक सप्ताह पहले कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। जिसमें सर्वसम्मति नहीं बनने के कारण आज चुनाव कराया गया। उन्होंने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया भरत अग्रवाल एवं सुगम सरायवाला की देखरेख में संपन्न हुआ। इस चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में प्रमुख रूप से विजय खेमका, भरत अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, ममता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, विनीता नरेड़ी आदि का योगदान रहा।

# जिप सदस्य ने की परसुडीह क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग

**पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को समस्याओं से अवगत कराया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित परसुडीह क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं को लेकर जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक गंभीर हैं। बुधवार को जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय लोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौपा। मौके पर श्रीमती मल्लिक के बताया परसुडीह क्षेत्र के बहुमंजिला फ्लैटों में रसीद कटाने के बावजूद स्थानीय लोग पाइप लाइन से वंचित है। पूर्व में भी इसकी सूचना बिभाग को दी गई थी। लेकिन किसी तरह कोई कार्यवाही नहीं किया गया। उन्होंने अविलंब कार्रवाई करने की मांग की। वहीं उन्होंने कहा परसुडीह थाना अंतर्गत कई मकान हैं जो रसीद कटाने के बावजूद भी आज तक पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं मिला। सभी मकानों को पाइपलाइन कनेक्शन दिया जाए। साथ ही हरहरगुट्टु बेड़ाडीपा, रानीडीह, क्षेत्र में पाइप लाइन का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, जिससे यहां के लोगों को पानी की काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कार्य पूरा करने में तेजी लाया जाये ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा परसुडीह थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मुख्य सड़क पर पाइपलाइन लीकेज होने के कारण पानी का तेजी से बहाव हो रहा है जिससे सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। कार्यपालक अभियंता ने जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने की बात कही। मौके पर मानिक मलिक, मिलन मुजूमदार, राकेश दास, देवव्रत विश्वास, बिल्टू सरकार, बप्पा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महोत्सव का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा-अर्चना



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के उद्घाटन करने बंशीधर नगर पहुंचे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्री बंशीधर मंदिर दर्शन किया। श्री बंशीधर मंदिर पहुचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को वाराणसी के विद्वान पंडितो द्वारा बैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा कराया। दर्शन के बाद श्री बंशीधर मंदिर ट्रस्टी के संरक्षक पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव तथा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी बंशीधर की तस्वीर प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ राज्य के राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर तथा कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने भी श्री बंशीधर मंदिर पहुंचकर दर्शन किया। श्री बंशीधर मंदिर दर्शन के बाद राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा उनके सहयोगी मंत्री मिथिलेश ठाकुर व बादल पत्रलेख पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के नगर गढ़ की स्थित आवास पहुंचे। पूर्व विधायक का आवास पहुंचने पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया। पूर्व विधायक के आवास पर झामुमो नेताओं ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, मुक्तेश्वर पांडेय, कामता प्रसाद, अमरनाथ पांडेय, अशोक जयसवाल ,कामेश्वर प्रसाद, सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जायंट्स ग्रुप गढ़वा सहेली ने एक सौ दिहाड़ी महिलाओं के बीच किया स्टॉल का वितरण




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की अध्यक्ष श्रीमती रितु जायसवाल की अध्यक्षता में सहेली ग्रुप की सदस्यों ने गर्मी, धूप एवं लू से बचाव के लिये मेनरोड गढ़वा में विजय जेनरल के पास एक सौ दिहाड़ी महिलाओं के बीच स्टॉल का वितरण किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं अपने परिवार की रीढ़ होती हैं। अतः उनको अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत रहना चाहिए। जायन्ट्स गढ़वा सहेली पिछले बाइस वर्षो से सेवा कर रही है। आगे भी जरूरतमंदों की सेवा, पर्यावरण की रक्षा, बच्चों खासकर बेटियों की शिक्षा, कुपोषण आदि सेवा कार्य के माध्यम से जायन्ट्स सहेली बहनें सदा अपना प्रयास जारी रखेंगी। इस अवसर पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 की पदाधिकारी सीमा केशरी, फेडरेशन की पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, सहेली ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, सुनीता केशरी जायन्ट्स सहेली की उपाध्यक्ष संध्या केशरी, प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल, बिमला केशरी, करुणा केशरी, मंजु गुप्ता, वंदना सोनी, रीना केशरी आदि सदस्य उपस्थित थीं।

### सड़क निर्माण कंपनी का पिकअप वाहन सहित उसमें लोड आठ सौ लीटर डीजल की लूट

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी से नगरउंटारी अंबाखोरया पथ सड़क मजबूतीकरण सह चौड़ीकरण का कार्य करा रहे एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड के पिकअप वाहन सहित उसमें लोड किया गया आठ सौ लीटर डीजल व अन्य जरूरी दस्तावेज को निर्माणाधीन सड़क स्थित बरडीहा गांव से एक व्यक्ति द्वारा दिन-दहाड़े लूट लिया गया। इस संबंध में सड़क ठेका कंपनी एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड के साइड मुंशी व भुक्तभोगी समरजीत पांडेय ने बताया कि गढ़वा से ठेका कंपनी के पिकअप वाहन में ड्राम में भरकर आठ सौ लीटर डीजल लेकर धुरकी जा रहा था तभी बरडीहा गांव में प्रबल प्रताप देव के द्वारा चलते हुए पिकअप वाहन को रोककर चालक से चाभी छीनकर पिकअप पर लदा हुआ डीजल सहित अन्य दास्तावेज लूट लिया गया। भुक्तभोगी मुंशी ने बताया कि इस संबंध में उसने अपने मालिक को सूचना दी। इसके बाद थाना में उपरोक्त घटना के संबंध में लिखित आवेदन थाने में दे दिया है। भुक्तभोगी मुंशी ने कहा कि वह इस घटना से भयभीत है, और प्रबल प्रताप देव के द्वारा सड़क में काम नहीं लगाने सहित गाली-गलौज करते हुए धमकी भी दी है, जिसका कॉल रिकॉर्ड भुक्तभोगी ने लिखित आवेदन के साथ थाने में दिया है। इधर ठेका कंपनी के पिकअप वाहन सहित आठ सौ लीटर डीजल के अलावा अन्य जरूरी दास्तावेज का लूट की घटना के बाद ठेका कंपनी के सभी कर्मी दहशत में हैं।

**कार्यक्रम :** राजकीय श्री बंशीधर नगर महोत्सव के उद्घाटन मौके पर मंत्री मिथिलेश ने कहा

# पहले महोत्सव में बड़ी-बड़ी घोषणाएं होती थीं पहली बार राजकीय महोत्सव मनाया जा रहा

**कहा- झारखंड सरकार का सवा तीन वर्षों का कार्यकाल राज्य के 18 वर्षों के कार्यकाल पर भारी पड़ेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर/ गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित गोसाई बाग के मैदान में जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर नगर महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पेजयल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पहले महोत्सव में बड़ी-बड़ी घोषणाएं होती थीं, मगर अब राजकीय महोत्सव मनाया जा रहा है। राज्य के धार्मिक स्थलों का नाम देश व विदेश के मानचित्र पर दिखाई देगा। मुख्यमंत्री गढ़वा जिले के धार्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विशेष रूचि लेते हैं। उन्होंने गढ़वा के पूर्व विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने दस वर्षों तक अपने गांव के मंदिर खोंहरनाथ मंदिर तक का विकास नहीं किया। वहीं कार्यक्रम में सांसद व भवनाथपुर विधायक को कार्यक्रम से अलग रखने पर कहा कि इन लोगों ने सनातन धर्म का ठेका ले रखा है। सिर्फ राजनीति रोटी सेंकने का काम करते हैं। ऐसे जनप्रतिनिधियों को पहचानने की जरूरत है। हमलोग हर क्षेत्र का विकास व सभी जाति व धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने का काम करते हैं। झारखंड सरकार का सवा तीन वर्षों का कार्यकाल राज्य के 18 वर्षों के कार्यकाल पर भारी पड़ेगा। वर्ष 2019 में परीक्षा में शामिल हुए हैं अब 2004 में परिणाम मांगने आएंगे। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि पहली बार राजकीय महोत्सव बंशीधर नगर में आयोजित किया जा रहा है। । वर्तमान राज्य सरकार ने पिछली सरकार के कार्यकाल के समय का लाभ किसानों को देने का काम किया है। राज्य के करीब 11 लाख किसानों को फसल बीमा का करीब 816 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है। जिसमें गढ़वा जिले के 20 हजार किसानों को इस योजना का लाभ दिया गया है।

### 60 योजनाओं का शिलान्यास और 14 योजनाओं का किया गया उद्घाटन

**मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 739 करोड़ 22 लाख 64 हजार 792 रुपये की लागत से 60 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, 57 करोड़ 55 लाख 22 हजार 933 रुपये की लागत से 14 योजनाओं का उद्घाटन किया। जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन हुआ उनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियां, रमकंडा और नगर उंटारी प्रखंड कार्यालय परिसर का विकास तथा बीडीओ, सीओ और अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों का नवनिर्मित आवास तथा नगर उंटारी में नवनिर्मित गेस्ट हाउस और विभिन्न नदियों पर निर्मित पांच पुल शामिल हैं।**

# अचानक चलने में दिक्कत, जबान का लड़खड़ाना, चेहरे पर पॉलिस, आंख की कमजोरी हैं स्ट्रोक के लक्षण

**सावधानी बरतें तो स्ट्रोक नहीं है जानलेवा : डॉ संजीव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ब्रेन, स्ट्रोक, स्पाइनल, पार्किंसन, लकवा, मिर्गी, चलने में दिक्कत, नसों और मसल्स में दिक्कत,एक आंख से दिखाई देना, एक ही वस्तु दो-दो दिखाई देना जैसी समस्या में से किसी एक या उससे ज्यादा तकलीफ से प्रायः लोग ग्रसित हो रहे हैं। इन बीमारियों के बारे में यहां तक कहा जाता है कि इनमें से किसी परेशानी के ग्रस्त व्यक्ति जिंदगी भर दवा पर आश्रित हो जाता है और उसे हर क्षण मौत की घण्टी सुनायी देती है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह दावा है देश की राजधानी दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में लंबे समय तक इन रोगों का इलाज करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा का। फिलवक्त झारखंड की राजधानी रांची के पारस हॉस्पिटल से एसोसिएट डॉ शर्मा गढ़वा के चिनिया रोड स्थित क्लिनिक ऑन स्क्रीन में प्रत्येक महीने के तीसरे रविवार को इस क्षेत्र के मरीजों के लिए उपलब्ध हुए हैं। न्यूरो समस्या से बचे रहने के सवाल पर एम्स से अनुभव प्राप्त मस्तिष्क और नस रोग विशेषज्ञ डॉ शर्मा ने कहा कि न्यूरो से सम्बंधित कई बीमारियां होती है। इसमें एक महत्वपूर्ण बीमारी है स्ट्रोक। इससे बचने के लिए सुगर और बीपी का आदर्श कंट्रोल बहुत जरूरी है। लेकिन इसके इरिवरसेबल कारण हैं बढ़ते उम्र। बढ़ते उम्र के कारण हर्ट की कंडक्सन चैनल गड़बड़ हो जाती है। इस कारण अचानक हर्ट में क्लॉट बन जाता है और वह ब्रेन में चला जाता है। जो मौत का कारण बन जाता है।

**कम उम्र में स्ट्रोक का कारण और निदान :** डॉ शर्मा ने कहा कि आज 40-45 वर्ष से कम उम्र के लोग भी स्ट्रोक का शिकार बन रहे है। इसका प्रमुख कारण शुगर, बीपी, मोटापा, स्मोकिंग और अल्कोहल है। अपने लाइफ स्टाइल को बदलकर और स्मोकिंग-अल्कोहल को त्याग कर इससे बचा जा सकता है।

**स्ट्रोक नहीं है जानलेवा :** डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक की बीमारी जानलेवा नहीं है बशर्ते इसे ठीक से समझ लें। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक आने पर अक्सर लोग मरीज को बीपी की दवा और पानी दे देते है। यह दवा और पानी सांस की नली में चली जाती है और निमोनिया हो जाता है। वहीं मौत का कारण भी बन जाता है।

**बचाये जा सकते हैं स्ट्रोक के 80 प्रतिशत मरीज :** डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक आने के साढ़े चार घण्टे के अंदर इलाज शुरू होने पर 70 से 80 प्रतिशत मरीजों को बचाया जा सकता है। उन्होंने वेहोश हुए स्ट्रोक के मरीजों के मुंह में चम्मच, अंगुली अथवा अन्य पदार्थ नहीं डालने की सलाह दी। उन्होंने ऐसे मरीजों को बाएं करवट सुलाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से मरीज की लार सांस की नली में नहीं जा पाती है। इस विधि से मरीजों की मरने की संभावना 50 प्रतिशत कम हो जाती है। डॉ शर्मा ने मिर्गी के मरीजों पर अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि इस बीमारी के कई प्रकार हैं। कई मरीज चार-चार, पांच-पांच दवा खाते हैं फिर भी मिर्गी ठीक नहीं होती है। जरूरत है उन्हें वास्तविक दवा की। यह मरीज के परीक्षण से पता लगाया जा सकता है।

**जीवनदायी साबित हो रहा है क्लिनिक ऑन स्क्रीन :** उन्होंने कहा कि गढ़वा का क्लिनिक ऑन स्क्रीन जटिल रोग से ग्रसित मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। वह स्वयं यहां उपलब्ध व्यवस्था से प्रभावित हैं। वह प्रत्येक महीने से तीसरे रविवार को इस क्लिनिक में मरीजों का इलाज करेंगे। यह क्लिनिक मरीजों की हर सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम है।

परामर्श संबंधित किसी भी तरह के जानकारी हेतु 7061962110 अथवा 9835771738 पर सम्पर्क करें।

### सदर अस्पताल में महिला के पैसे और गहना ले उड़े उचक्के

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला सदर अस्पताल में इन दिनों उच्चके भी सक्रिय हैं। पलक झपकते ही सदर अस्पताल में आए मरीज व उनके स्वजनों के सामान से लेकर नगद रकम पर हाथ साफ कर रहे हैं। बुधवार को भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। अपने पोते का इलाज कराने पहुंची मेराल थाना क्षेत्र के भंडार गांव की बसंती देवी पति बाल गोविंद बियार के थैले से उच्चकों ने नगद रकम व गहना उड़ा लिया। बसंती देवी के पोते का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। मरीज के इलाज के लिए सदर अस्पताल में काउंटर पर पर्ची कटाने से पहले बसंती देवी ने अपने कान से टाप निकाल कर एक थैले में रख लिया। जबकि उसमें पहले से ही 600 रुपये रखी थी। बसंती देवी ने बताया कि काउंटर पर पर्ची कटाने के दौरान ही उसके थैले को काट कर पैसे व गहना निकाल लिया गया।

### दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के रंका मोड़ पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया। घायल व्यक्ति पलामू जिले के पाटन थाना के सगुनी गांव निवासी अरविंद पासवान बताया जा रहा है। घटना के संबंध बताया जा रहा है कि वह शादी समारोह से अपने घर लौट रहा था।

## श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर नगर में देखा गया काफी उत्साह



**बंशीधर नगर चैंबर के नेतृत्व में निकाली गयी पालकी यात्रा में शामिल हुईं सैकड़ों महिलाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर श्री बंशीधर नगर में काफी उत्साह देखा गया। स्थानीय चेंबर के द्वारा पालकी यात्रा भवनाथपुर मोड़ स्थित गायत्री मंदिर से बंशीधर मंदिर तक निकाली गई।

पालकी यात्रा में बंशीधर नगर के कृष्ण भक्त बांसुरी बजाते पीले आकर्षण वस्त्रों में पूरे बंशीधर नगर का भ्रमण कर बंशीधर मंदिर पहुंच भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिससे कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बनती थी। महिलाएं विभिन्न परिधानों में श्री कृष्ण की भक्ति करतीं नजर आयीं। पालकी यात्रा में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, चेंबर अध्यक्ष शंभू सौदागर, हदयानंद कमलापुरी, अनूप निराला, राजेश कुमार, डीलू चौबे, उमेश कुमार, विद्या भास्कर, छोटू, संतोष प्रसाद, दीपक कमलापुरी, छोटू रंजन, बबलू जायसवाल, अशोक जायसवाल, मंदीप प्रसाद, बीरेंद्र कमलापुरी, मनीष कुमार, मिकी जायसवाल, बीरेंद्र अग्रहरि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस का किया उद्घाटन



**श्री बंशीधर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व पथ विभाग के डाक बंगला परिसर स्थित पौने तीन करोड़ की लागत से नवनिर्मित सर्किट हाउस का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस दौरान राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा**
**शीर्षकार्य प्रमंडल,राँची**
**E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com**

पत्रांक. 218/राँची। दिनांक. 02-05-2023/रॉची

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्षा ऋतु के आगमन के मद्देनजर रूक्का अवस्थित नये जलशोध संस्थान स्थित सम्पों की सफाई कराना अतिआवश्यक है। इससे रूक्का जलशोध संस्थान से हटिया लाईन एवं UGR-1 लाईन प्रभावित होगा। उक्त कार्य हेतु **दिनांक 05.05.2023** को पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 9:00 बजे तक जलापूर्ति बन्द रहेगी। इससे प्रभावित क्षेत्रों हरमू, डिबडीह, पुन्दाग, पिस्का, जगरनाथपुर, कॉंटाटोली, सिरमटोली, चर्च रोड, डोरण्डा, अशोक नगर एवं आसन्न क्षेत्रों में आंशिक जलापूर्ति होगी। इससे होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

(राधेश्याम रवि)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची

PR 296472 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

**Govt. of Jharkhand**
**Rural Development Department**
**Jharkhand State Livelihood Promotion Society**
**2nd Floor, JSAMB Building, Itki Road, Hehal,**
**Ranchi - 834005, Jharkhand, Phone No. 0651-2951915/2951916**
**Email – joharjharkhandproc@gmail.com, Website – www.jslps.in**

**No:** JSLPS/1027 **Date:** 03/05/2023
**Proc. Ref. No. : SMMC20230173**

**REQUEST FOR EXPRESSION OF INTEREST**

The Jharkhand State Livelihood Promotion Society (JSLPS) invites "Expression of Interest" from the eligible registered Chartered Accountant Firms for providing consulting services for **"Statutory Audit"** required for JSLPS.

Interested firms may submit their "Expression of Interest" in a sealed envelope clearly superscripted as Expression of Interest for **"Statutory Audit of JSLPS"** latest by 15.30 hours on 19th **May, 2023**. Interested firms may obtain further information and procedures for submitting the "Expression of Interest" from the website of JSLPS i.e. **www.jslps.in.**

Sd/
**Chief Executive Officer, JSLPS**

PR 296473 Jharkhand State Livelihood Promotion Society(23-27)#D

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
**गुमला वन प्रमण्डल**
**E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in**
**Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207**

पत्रांक ....................../ दिनांक ....................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर गुडाम पी0एफ0 से 06 पीस साल बोटा को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर विद्यासागर भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 09.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

:-वन है,तो जीवन है-:

PR 296403 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

**बैठक :** जिला भाजपा की संगठनात्मक बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा

# संगठन की रीढ़ हैं कार्यकर्ता, बूथ स्तर तक पहुंच कर लोगों को जोड़ें

**मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता लोगों को पार्टी से जोड़ने में लग जाएं : अमित कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में उत्सव गार्डन गढ़वा में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम गीत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। कार्यक्रम के दौरान दो सत्रों में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में भाजपा के सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष, पूर्व के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर लोगों को पार्टी से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ता मिलकर संगठन से लोगों को जोड़ने का काम करें। बूथ मजबूत पार्टी मजबूत इस मूल मंत्र के साथ कार्यकर्ता को काम करना होगा। 2024 में भाजपा केंद्र से लेकर राज्य तक पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि गढ़वा जिला में बूथ स्तर पर संगठन पूरी तरह मजबूत है। मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता लोगों को पार्टी से जोड़ने में लग जाएं। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में हर जगह भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

मंच का संचालन जिला महामंत्री संतोष दूबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पलामू सांसद वीडी राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, पूर्व सांसद बृजमोहन राम, पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, भाजपा नेता अलख नाथ पाण्डेय, जवाहर पासवान, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, राजीव रंजन तिवारी, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, महेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी संजीत तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, अनिता गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, मीना गुप्ता, अंजलि गुप्ता, रामशीष तिवारी, विकास तिवारी, अविनाश पासवान, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, कैलाश कश्यप, जितेन्द्र दीक्षित, मुरारी, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, यादव ठाकुर, प्रसाद महतो सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**निर्देश : जिला समन्वय समिति की बैठक में शशि रंजन ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा**

# अधिकारी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को जिला समन्वय समिति (विकास) की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी शशि रंजन ने की। बैठक में डीडीसी, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता अन्य जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान डीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कृषि, आपूर्ति, नगर पंचायत आदि विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। डीसी ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभावित करने का निर्देश दिया। साथ ही आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिले में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें।

डीसी ने सभी अधिकारी व कर्मियों को आपसी समन्वय स्थापित कर काम करने का निर्देश दिया। कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला स्तर पर 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया जाए। छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाए। डीसी ने कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के क्रम में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, सूखा राहत योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। कहा कि जिले में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। खूंटी जिले में किसानों को मडुवा की खेती के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रखंड स्तर पर मिलेट्स को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। इसमें किसानों को इसकी खेती की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाय। बैठक में डीसी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी। इसके अलावा जिले में अवस्थित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की समीक्षा की। उन्होंने खुद क्षेत्र भ्रमण कर स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों की वस्तुस्थिति का निरीक्षण करने को कहा। डीसी द्वारा विशेष रूप से सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि सभी एमटीसी सेंटरों को सक्रिय करते हुए उनमें उचित संचालन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान थैलेसिमिया-सिकल सेल अनीमिया अभियान वृहद स्तर पर चलाने के साथ ही पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने का भी निर्देश दिया।

## तमाड़ में चाकू मारकर युवक की हत्या, पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के राइडीह सारजमडीह सड़क पर पडराणी के पास मंगलवार की रात 9.30 बजे 30 वर्षीय एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दिए जाने की घटना प्रकाश में आयी है। मृतक की पहचान अनुप दास के रूप में हुई है। वह जमशेदपुर के मानगो का रहने वाला था। मृतक पेशे से बिजली मिस्त्री था। बुधवार को मृतक के छोटे भाई अमीत दास ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तमाड़ थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर हत्या के आरोपितों की तलाश भी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मृतक किसी काम से गया हुआ था। वहीं, कथित रूप से किसी के साथ विवाद हो जाने के बाद एक ने ने उसे चाकू मार कर घायल कर दिया। एक स्कूल की मदद से उसे तमाड़ अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन पडराणी के निकट सड़क दुर्घटना हो जाने के कारण अनुप स्कूटी से गिर गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची तमाड़ पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि हत्या में लिप्त आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सांसद प्रतिनिधि के बेटे की शादी में पहुंचे अर्जुन मुंडा, वर-वधु को दिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** अड़की के सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू और जिला परिषद सदस्य रेखा देवी के पुत्र सजल साहू बुधवार को कोमल के साथ परिणय सूत्र में बंधे। वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए इस दिन केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ पहुंचे थे। इस दौरान पद्मभूषण कड़िया मुंडा, भाजपा नेता प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के अलावे सिंबोसिस स्कूल के निदेशक अली अल अराफात, बुंडू जिला परिषद के परमेश्वरी शांडिल, तमाड़ जिला परिषद मानकी विजय सिंह, राजा महेंद्र नाथ सहदेव जगन्नाथ मुंडा और संजय मुंडा आदि के अलावा भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। सभी ने वर-वधु को आशीर्वाद देकर खुशहाल जीवन की कामना की।

## अपराधियों ने अवैध लकड़ी लदे ट्रक और बाइक को फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** थानांतर्गत बारूडीह गांव के समीप मंगलवार की रात अपराधियों ने अवैध लकड़ियों से लदे एक ट्रक और उसे स्कॉट कर रही बाइक को आग के हवाले कर दिया। बुधवार को घटना की सूचना मिलने पर खूंटी के एसडीपीओ अमित कुमार के अलावा खूंटी और सायको थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। घटनास्थल के समीप जगह-जगह खून के धब्बे भी नजर आए। इससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि अपराधियों द्वारा लकड़ी





तस्करों के साथ मारपीट भी की गई है, लेकिन इस घटना में कितने लोग घायल हैं और उनका इलाज कहां कराया जा रहा है, इसका खुलासा नहीं हो सका है। वैसे इन सभी बिंदुओं पर पुलिस गहराई से जांच कर आवश्यक जानकारी हासिल करने के प्रयास में जुटी है। अपराधियों ने ट्रक में आग लगाने से पूर्व उसमें लदे लगभग 60 पीस कीमती साल लकड़ियों के बोटे को सड़क किनारे खेत में उतार दिया था। जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। लकड़ियों की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। बतातें चलें कि खूंटी जिले में इन दिनों अवैध लकड़ियों की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। सूत्रों के अनुसार इस अवैध धंधे से जुड़े लोग वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस की मिलीभगत से ही क्षेत्र के जंगलों की कटाई और तस्करी में जुटे है। यही कारण है कि प्रतिदिन लकड़ियों की तस्करी के बावजूद न तो लकड़ियां पकड़ी जाती हैं और न ही तस्कर कभी गिरफ्त में आते है। इससे पूर्व 10 दिसंबर 2022 को अड़की थाना क्षेत्र के चाड़ाडीह गांव के समीप लकड़ियों से लदे एक ट्रक को लकड़ी सहित फूंक दिया गया था। ऐसी घटनाएं क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही लकड़ियों की तस्करी को दर्शाता है।

## पुरानीराय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में हुआ कन्या भारती का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर कन्या भारती का गठन किया गया। आचार्य अंजु झा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रा प्राची कुमारी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावे प्रत्येक कक्षा से एक-एक छात्रा को सहयोगी नियुक्त किया गया, जिसमें संतोषी कुमारी, पम्मी कुमारी, अंशु कुमारी, खुशी कुमारी, सिमरन कुमारी और सृष्टि कुमारी का नाम शामिल है। आचार्य भगवती कुमारी और नीलम कुमारी ने कन्या भारती गठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वहीं, प्राचार्य गणेश महतो ने कहा कि स्कूल की बहनों को जागरूक करने एवं उसमें नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से कन्या भारती का गठन किया गया है। कहा कि कन्याभारती का गठन होने से स्कूल की बहने सभी तरह के दायित्व का निर्वाहन करने में सक्षम होगी। उन्होंने स्कूल की सभी छात्राओं को आत्मरक्षा करने के बारे में कई प्रकार की जानकारी दी।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## बुंडू के श्री श्री राधा रानी मंदिर में सांसद अर्जुन मुंडा ने मत्था टेका

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के भाजपा सांसद मंगलवार की रात पांच परगना के हृदय स्थली बुंडू के श्रीश्री राधा रानी मंदिर पहुंचे और राधा रानी के चरणों में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। केंद्रीय मंत्री ने राधा रानी से क्षेत्र, राज्य और देश में शांति और सभी की खुशहानी की प्रार्थना की। इस अवसर पर बुंडू नगर के ग्रामीण एवं नगर मंडल के सदस्य विवेकानंद जयसवाल, रंजीत लहरी, आलोक दास, वीरेंद्र महतो, राजकुमार महतो, सुबोध मुखर्जी, गणेश कुम्हार, महावीर कुम्हार के अलावा श्रीश्री राधा रानी मंदिर आयोजक समिति के अध्यक्ष विकास गोराई, बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिंया आदि



श्रीश्री राधा रानी मंदिर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का स्वागत करते मंदिर कमेटी के लोग।

भी मौजूद थे। सभी से केंद्रीय मंत्री के मंदिर पहुंचने पर माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अर्जुन मुंडा ने वहां मौजूद लोगों के साथ बातें की और उनकी समस्याओं को भी सुना। साथ ही यथा संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

### जूनियर व सब सूनियर बालक हॉकी टीम के लिए चयन ट्रायल पांच मई को

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला जूनियर और सब जूनियर बालक हॉकी टीम के लिए चयन ट्रायल पांच मई को बिरसा कॉलेज हॉकी स्टेडियम में होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जूनियर और सब जूनियर बालक वर्ग की खूंटी जिला टीम गठन के लिए शुक्रवार को खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी खूंटी हॉकी के महासचिव दशरथ महतो ने दी। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में जूनियर टीम के लिए एक जनवरी 2005 के बाद जन्मतिथि वाले और सब जूनियर के लिए एक जनवरी 2007 के बाद जन्मतिथि वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। चयन प्रक्रिया में भाग लेने आनेवाले खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, विद्यालय प्रमाण-पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र चयन स्थल पर लाना अनिवार्य है।

### मारवाड़ी युवा मंच का समर कैंप 14 व 15 मई को

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्कूली बच्चों की गर्मी छूट्टी को मनोरंजक और ज्ञानबर्द्धक बनाने के उद्देश्य से खूंटी की सामाजिक संस्था मारवाड़ी युवा मंच नगर शाखा के तत्वावधान 14 और 15 मई को राजस्थान भवन में समर कैंप का आयोजन किया है। इसकी जानकारी मंच के अध्यक्ष अंकित जैन और सचिव मुकुल पीपुरिया ने दी। उन्होंने बताया कि समर कैंप 14 मई की सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे और 15 मई को अपराह्न तीन से शाम सात बजे तक आयोजित होगा। समर कैंप में बच्चों के दो वर्ग होंगे। पहले वर्ग में तीन से आठ और दूसरे ग्रुप में नौ से 15 वर्ष तक के बच्चे भाग लेंगे। समर कैंप में मात्र 60 सीटें निर्धारित हैं। आठ मई तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। कैंप में बच्चों के लिए नाश्ता, स्नैक्स और भोजन की व्यवस्था रहेगी। कैंप में योगा, रेजिन आर्ट, डिबेट, फायरलेस कूकिंग, फन वीथ साइंस, क्ले मॉल्डिंग आर्ट, डांस, गेम सहित कई तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विशेष जानकारी के लिए स्वाति जैन 7004049474, निक्की जैन 8789048215, शालू जैन 8709462545 और प्रियंका जैन 7004277843 से संपर्क किया जा सकता है।

### पुलिस के खिलाफ सड़क पर उतरे सिल्ली डीह के ग्रामीण, जमकर की गई नारेबाजी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिल्लीडीह गांव के ग्रामीण पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव से लेकर सिल्ली थाना तक जुलूस भी निकाला। जुलूस में शामिल ग्रामीण सिल्ली एवं गोमिया पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। एक दौरान पुलिस को ज्ञापन भी सौंपा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सिल्ली और गोमिया पुलिस विगत दिनों सिल्ली डीह गांव के दो लोगों को जबरन बिना किसी अपराध से उठा ले गयी। उसके साथ मारपीट करने के बाद छोड़ा गया। शरीर पर मारपीट के निशान भी हैं। ग्रामीण पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं।

**पिपरवार में समारोह आयोजित कर तीन कोयला कामगारों को दी गई विदाई**

## पुराने और अनुभवी कर्मियों के सेवानिवृत्त होने से कंपनी को हो रहा नुकसान : सीबी सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में समारोह आयोजन कर सेवानिवृत्त हुए तीन कोयला कामगारों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया। तीनों कामगारों को शॉल, श्रीफल, सेवा प्रमाण पत्र और उपहार देकर विदाई दी गई। अपने संबोधन में जीएम सीबी सहाय ने तीनों कामगारों के कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुभवी कर्मियों के




सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित लोग।

सेवानिवृत्त होने से कंपनी को नुकसान हो रहा है। नये कामगारों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने तीनों के उज्जवल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वाले कामगारों में बंधन दास, कृष्णकांत कुमार सिंह और रामप्रकाश महतो शामिल है। इस मौके पर एजीएम निरंजन सेनापति, कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, स्टॉफ आफिसर ईएंडएम एके पाठक, स्टॉफ ऑफिसर सिविल पीके साहू, एरिया सिक्यूरिटी आफिसर अरूण कुमार महतो, प्रबंधक रवि बाड़ा, ज्योति कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## झरिया विधायक की फटकार के बाद बंगला खाली कराने और अवैध कब्जाधारी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने का निर्देश

**जनहित मुद्दों को लेकर पूर्णिमा सिंह और लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन के बीच वार्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/अलकडीहा।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ती धूलकण, विस्थापन, पानी बिजली की समस्या आदि को लेकर झरिया विधायक सह जनता मजदूर संघ (जमसं) की संयुक्त महामंत्री पूर्णिमा नीरज सिंह ने समर्थकों के साथ बुधवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबंधन के साथ वार्ता की। इस दौरान एक बंगले में एक खास यूनियन नेता को प्रबंधन द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा दिलाने को लेकर जीएम सहित अन्य अधिकारियों की जमकर फजीहत की गयी। अंत में जीएम बीके सिन्हा ने विधायक की फटकार के बाद



पीओ एके पांडेय को बंगला खाली कराने और अवैध कब्जाधारी के खिलाफ विभागीय एवं पुलिस एफआईआर की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि जयरामपुर और कुजामा में जबसे आउटसोर्सिंग परियोजना शुरू हुई हैं तभी से आसपास के लोग परियोजना से उड़ती धूलकण एवं विस्थापन कि समस्या से परेशान हैं। आउटसोर्सिंग परियोजना के चलते झरिया-बलियापुर कि मुख्य सड़क को प्रभावित होता देख विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रबंधन को सड़क कि सुरक्षा के लिए 45 मीटर कि दूरी पर खनन कार्य करने को कहा। उक्त सड़क कि सुरक्षा को लेकर उन्होंने प्रबंधन से उसके लोगों के साथ डीजीएमएस अधिकारियों को लेकर गुरुवार को निरीक्षण कराने की भी बात कही। जमसं (बच्चा गुट) की ओर से 10 सूत्री मांगों पर विधायका पूर्णिमा सिंह ने जयरामपुर परियोजना के जद में आनेवाले जयरामपुर और बागडिगी के लोगों को सुविधा के साथ सुरक्षित पुनर्वास कराने, निर्बाध रूप से बिजली-पानी कि आपूर्ति कराने, परियोजना के कार्यक्षेत्र का सीमांकन एरिया की घेराबंदी कराने, प्रदूषण नियंत्रण को धूलकण पर जल छिड़काव कराने, साइडिंग के मजदूरों का पीएफ की दो साल की बकाया राशि को जमा कराने सहित अन्य मांगों को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम से वार्ता कर समस्या का अविलंब समाधान करने को कहा। वहीं, जमसं की मांगों पर जीएम बीके सिन्हा ने झरिया विधायक से कहा कि जयरामपुर में तीन आवास को छोड़कर अन्य आवासों को परियोजना विस्तारीकरण से तीन वर्षों तक विस्थापन का कोई खतरा नहीं होने और प्रभावितों को शीघ्र सुविधा के साथ आवास मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 मई, 2023
www.azadsipahi.in
09

# सीएमपीडीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर 93 लाख रुपये की ठगी

**चार ठगों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज**

**दर्जनों लोग हो चुके हैं ठगी के शिकार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के देवी मंडप के बिजली ऑफिस के समीप बुधवार को दिन में लगभग अपराह्न चार बजे चोरों ने प्रकाश गोप के घर से लगभग एक लाख के जेवर व साठ हजार रुपये नगदी लेकर फरार हो गए। घटना के दिन पत्नी पम्मी देवी,बेटी प्रीति कुमारी व पल्लवी कुमारी बेटा आदित्य कुमार नानी घर टेरो बेड़ो गए हुए हैं वही पिता महादेव गोप मां बैजंती देवी गाय का चारा लेने गए और प्रकाश रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए दिन में घर में ताला लगाकर बेड़ो चौक आया हुआ था। वहीं चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर चोर उनके घर में प्रवेश कर गए और घर की अलमारी में रखे सोने, चांदी के जेवरातों के अलावा नगद रुपए लेकर फरार हो गए। प्रकाश ने बताया कि बुधवार की शाम में पांच बजे जब घर लौटा तो घर का दरवाजा खुला था। साथ ही अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे।अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे नगद रुपये, सोने की जेवरात व अन्य सामान चुरा कर ले गए। उन्होंने कहा कि चोरों ने कमरे को पूरी तरह से खंगाला और घटना को अंजाम दिया। इधर देवी टोली में दिन में हुई इस चोरी की वारदात के बाद बेड़ो वासियों में दहशत व्याप्त है। इधर सूचना मिलते ही मुखिया सुशांति भगत बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया।वही पुलिस ने मामले को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इन लोगों से हुई है ठगी

अंशु देवी पति रंजीत कुमार - 25 लाख, रंजीत कुमार पिता बाल्मीकि साव- 20 लाख, अनिता देवी पति बैजू कुमार- 12 लाख 40 हजार, निशिकांत कुमार पिता जगत महतो- 10 लाख, किरण देवी पति विपिन सिंह- 5 लाख, रेशमी कुमारी पति निशिकांत सिंह- 5 लाख, किरण कुमारी पति रंजीत कुमार- 4 लाख 50 हजार, उत्तम कुमार पिता वरुण बिहारी- 4 लाख, उमा देवी पति मुरारी प्रसाद- 3 लाख, अनिता देवी पति उत्तम कुमार- 2 लाख, रूबी देवी पति अश्विनी शर्मा- 1 लाख 20 हजार, रंजीत कुमार पिता चन्द्र गुप्ता- 80 हजार।

## बेड़ो में विधायक ने की अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में विधायक शिल्पी तिर्की की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें पूर्व के मुद्दों पर चर्चा की गयी। साथ ही उस पर क्या कार्रवाई हुई, इस पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही लंबित समस्याओं का निदान कराने के लिए निर्धारित समय एवं व्यक्ति का नाम तय किया गया। बैठक में प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्रों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। विधायक ने बैठक में बिजली संबंधी समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए डीप बोरिंग, जेनेरेटर के लिए टेंडर करने, हॉस्पिटल की खिड़कियों के लिए स्लाइडिंग एवं नेट की व्यवस्था, हॉस्पिटल के मुख्य द्वार पर तोरण द्वार, मरीजों के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सी, टेबल, कंबल एवं मच्छरदानी आदि की खरीदारी को मंजूरी दी गयी। इधर बैठक के बाद विधायक ने पूरे सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही नवजात बच्चे की माताओं के बीच बेबी किड का भी वितरण किया। मौके पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुमित्रा कुमारी, प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, जिला परिषद सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, उप प्रमुख मोदस्सिर हक व मुखिया सुशांति भगत समेत अन्य मौजूद थे।

## बेड़ो में जंगली हाथियों ने सब्जी की फसल को रौंदा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में मंगलवार की रात लगभग एक बजे जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के गनपत गोप पिता बंधनु गोप के तीन एकड़ में लगी मक्का, पत्ता गोभी, खीरा व फ्रेंचबीन की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर घटना की सूचना पाने के बाद पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया व समाजसेवी सुनील कच्छप ने गांव पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया। साथ ही वन विभाग को जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित किसान को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इन क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं। फसलों को खाकर व रौंदकर तथा घरों को ध्वस्त कर रहे हैं। इधर बस्ती से कुछ कदम की दूरी से आती इनकी चिंग्घाड़ सुनकर क्षेत्र के ग्रामीण रात भर अपने-अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। वहीं मौके पर महाकाल लोहरा, रंजीत ठाकुर व संजय लोहरा आदि मौजूद थे।

## बेड़ो में तीन दिनों से जलापूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजलापूर्ति विभाग पीएचईडी के मोटर में तकनीकी खराबी आने के कारण पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से बेड़ो वासियों को पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जलापूर्ति पूरी तरह से ठप हो जाने के कारण बेड़ो शहरी क्षेत्र में चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल की आपूर्ति के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि बेड़ो वासियों को पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से लगभग चार दशक पूर्व विभाग द्वारा बेड़ो में जलापूर्ति योजना की सौगात दी गई थी, जो जर्जर हो गई है। जिसके कारण आए दिन बेड़ो में जलापूर्ति बाधित रहती है। पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल की परेशानी बेड़ो वासियों के दिनचर्या में शामिल हो गयी है। जलापूर्ति की आस में लोग सुबह उठते जरूर हैं मगर इंतजार के बाद विभाग को कोसते नहीं थकते हैं। कभी दो दिन तो कभी तीन दिन के बाद जलापूर्ति बंद हो जाती है। जर्जर टंकी के तकनीकी खराबी के कारण बेड़ो में पेयजल की चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं विभाग, सांसद व विधायक जो बड़े-बड़े वादे करते हैं उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है। इन्हें पीएचईडी जर्जर पानी की टंकी से कोई मतलब नहीं है। वहीं लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। जबकि ग्रामीण अंचलों में घर-घर जल पहुंचाने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है। ज्ञात हो कि बेड़ो की पानी टंकी काफी पुरानी हो गई है। इस कारण कभी मशीन, कभी मोटर, कभी पाइप तो कभी सप्लाई लाइन अन्य खराबी होती रहती है। विभाग के जेई विजय मिंज ने कहा है कि मोटर में तकनीक खराबी होने के कारण तीन दिनों से जलापूर्ति नहीं हो सकी है। रांची से मिस्त्री बुलाकर काम कराया जा रहा है जल्द ही पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

**कार्यक्रम :** विधायक राजेश कच्छप ने अनगड़ा मे विभिन्न विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

# कार्यक्रम की सूचना नहीं मिलने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने जतायी नाराजगी





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने सबसे पहले सिरका पंचायत के गांधीग्राम में विधायक निधि से हुंडरू फॉल मुख्य पथ से हनुमान मंदिर होते हुए अमल बैठा के घर तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद बीसा पंचायत के बेंती गांव में 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक राजेश कच्छप एवं जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा नें संयुक्त रूप से किया।

वहीं कुच्चू पंचायत के कमता कारबुदा गांव में विधायक निधि से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला विधायक राजेश कच्छप द्वारा रखी गई।

**ग्रामीणों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी करने तथा संवेदक को गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने का दिया निर्देश**

मौके पर विधायक ने कहा कि इस सुदूर बीसा पंचायत में उपस्वास्थ्य केन्द्र के बन जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए यहां के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने ग्रामीणों को निर्माण कार्य के गुणवत्ता की निगरानी करने तथा संवेदक को गुणवता में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया।

मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, शिवदास गोस्वामी, एतवा उरांव, सरिता देवी, संगीता, कुलेश्वर, सचिन नायक, सिदिक अंसारी, रामनाथ मुण्डा, संजय नायक, समीम खान, दशरथ मुण्डा, बाली महली, विजय मुण्डा, प्रेम उराव, अनिल लकड़ा, सविता देवी, कमलाकांत मुण्डा, अजय मुण्डा, रोहित बेदिया, संजय भोगता, अजय आर्या आदि मौजूद थे।

इधर सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुण्डा ने पंचायत क्षेत्र के गांधीग्राम में हुए शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर उन्हें सूचित नहीं किए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी से संबंध नहीं रहने की वजह से उन्हें कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गई।

उधर बेंती गांव में उपस्वास्थ्य केन्द्र के शिलान्यास के मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना नहीं दिये जाने पर विरोध व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को लगातार अपमानित करने का काम किया जा रहा है।

# मंडा पूजा में भक्ति की शक्ति से भोले शंकर को खुश करते हैं भोक्ता : सन्नी टोप्पो

**बेड़ो के टेरो में मंडा पूजा फूलखुंदी व झूलन के साथ संपन्न**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बेड़ो।** प्रखंड के टेरो गांव में मंडा पूजा समारोह धार्मिक अनुष्ठान लोटन सेवा,धूआं सूआं,फूलखुंदी, झूलन,जतरा व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंडा पूजा के दौरान भगवान भोले शंकर को अपनी भक्ति की शक्ति से खुश करने के लिए करीब सप्ताह भर पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि परंपरा इस शुरूआत नागवंशी राजाओं ने की थी।मंडा पूजा का इतिहास काफी प्राचीन है। इस पूजा के दौरान भक्त अपने शरीर को कष्ट देकर कड़ी परीक्षा से गुजरते हैं। दहकते व जलते अंगारों पर नंगे पांव चलना भक्तों की परीक्षा व प्रभु की कृपा को दशार्ता है।इस दौरान कलाकारों ने रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया।मौके पर महादेव कुजूर, बिरसा उरांव, रंजन गुप्ता, बिरसा उरांव, महिंदर बड़ाईक आदि मौजूद थे। वहीं मंडा पूजा समारोह को सफल बनाने में कमिटी के अरुण सिंह,रितांशु बड़ाईक,ललन लोहरा,सहिंद्र लकड़ा,महादेव उरांव, दिनेश बड़ाईक,राम विजय सिंह,गोपाल सिंह, अजय लोहार, अजय गोप, चंदन गोप व सरवन महली आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला आयोजित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभागार में ओडीएफ के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने स्वच्छता के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिये। कहा जो पंचायत आगामी 15 मई को फाइव स्टार या सबसे अच्छा काम करेगा उसे विधायक मद से योजना की सौगात दी जाएगी। वहीं विधायक ने मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाया। इधर जिला से आए यूनिसेफ के प्रतिनिधि के द्वारा इस पखवाड़ा में किए जानेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि बेड़ो प्रखंड के अंतर्गत सभी 84 गांव को स्टार रेटिंग के अंतर्गत सभी गांव थ्री स्टार और अधिकांश गांव फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त करेंगे। मौके पर प्रमुख, उप प्रमुख, जिप सदस्य पश्चिम, विधायक प्रतिनिधि, सीओ व अन्य मौजूद थे।

**उदासीनता :** 416 निबंधित किसानों में मात्र 23 किसानों से 859 क्विटल धान की हुई खरीदारी

# बेड़ो धान क्रय केंद्र में पड़ा है 859 क्विंटल धान

**धान बेचने के पांच माह बाद भी किसानों को नहीं मिले पैसे, लगा रहे धान क्रय केंद्र का चक्कर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** धान क्रय केंद्र बेड़ो में सरकारी उदासीनता के कारण लगभग 859 क्विंटल धान पड़ा हुआ है। इसके उठाव करने की व्यवस्था नहीं की जा रही। धान क्रय केंद्र में पड़े-पड़े धान के खराब होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों ने धान को 5 महीने पहले क्रय केंद्र में बेचा था लेकिन सरकारी स्तर पर धान को भेजने की व्यवस्था अभी तक नहीं की जा सकी। इसमें कीड़े लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है। एक तरफ किसानों को पांच महीने बीत जाने के बावजूद अपने पैसों का इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि धान की खरीदारी होने के साथ ही उसे भेज दिया जाता तो किसानों को अब तक उनका बकाया पैसा मिल गया होता लेकिन पांच महीने बाद भी धान क्रय केंद्र में पड़ा हुआ है। वहीं ऑपरेटर मनोज उरांव ने बताया कि 20 दिसंबर 2022 से खरीदी शुरू हुई जहां प्रखंड के 416 निबंधित किसानों में मात्र 23 किसानों से 859 क्विटल धान की खरीदी की गई है। जिससे धान क्रय केंद्र भरा पड़ा है। वहीं किसानों की आय दोगुनी करने के लिए झारखंड सरकार ने कई वादे किए, लेकिन किसानों की हालत और भी खराब होती जा रही है। प्रखंड की 90 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। कृषि में धान की खेती ही इस क्षेत्र के किसानों की मुख्य पूंजी है। धान की खेती से ही इस क्षेत्र के किसान साल भर अपना जीवन यापन करते हैं। लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी किसानों की जेब खाली है। किसानों को अब अपने पैसे के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के मात्र 23 किसानों ने धान बेचा, लेकिन उन्हें अभी तक पैसे नहीं मिले। पिछले पांच महीनों से किसान पैक्स व प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा कर थक गए, उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। धान बिक्री की रकम नहीं मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। जबकि झारखंड सरकार ने किसानों से बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन किसान अपना ही पैसा लेने के लिए अब सरकार की ओर टकटकी लगाये बैठे हैं। किसानों ने पैक्स में जाकर अपना धान तो बेच दिया, लेकिन उन्हें पांच महीनों के बाद भी पैसे नहीं मिले हैं। जिससे किसानों में काफी मायूसी है। किसानों का कहना है कि हमलोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए गए कि धान की अधिक रकम मिलेगी। जिसकी लालच में आकर हमने अपने धान को पैक्स को बेच दिया। लेकिन आज कार्यालय के चक्कर काटते-काटते परेशान हैं। किसाानों का कहना है कि सरकार की उदासीनता के कारण प्रखंड के हम किसान परेशानी झेल रहे हैं। किसानों ने बताया कि दिसंबर व जनवरी माह में धान बेचे, लेकिन अभी तक पैसे नहीं मिले। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा एक सप्ताह के अंदर किसानों को भुगतान नहीं किया जाता है तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### किसानों को धान का पैसा अविलंब भुगतान किया जाए : गंगोत्री

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि राज्य सरकार को राज्य के किसानों के दु:ख दर्द से कोई मतलब नहीं है, यहां के किसान जिन्होंने दिसंबर व जनवरी महीने में ही अपनी उपज की धान को धान क्रय केंद्र में दिया था। लेकिन उन किसानों को अभी तक धान बिक्री का अपना पैसा नहीं मिल पाया है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बिल्कुल चरमरा गई है, आज किसानों के पास खेती के लिए बीज खरीदने तक का पैसा नहीं है। ऐसे समय में भी राज्य सरकार की चुप्पी देख कर पता चलता है कि वर्तमान राज्य सरकार किसान विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा अन्नदाता के साथ राज्य सरकार खिलवाड़ करना बंद करे और किसानों को यथाशीघ्र भुगतान करे।


## महत्वपूर्ण न्यूज

### कैंब्रिज ग्रुप के विद्यार्थियों ने किया गैस सिलेंडर संयंत्र गिन्नी इंस्डस्ट्री का विजिट




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) जमशेदपुर शाखा के तत्वावधान में उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं कैंब्रिज पॉलीटेक्निक के इंजीनियरिंग ब्रांच कुल के 151 विद्यार्थियों को टाटीसिलवे औद्योगिक क्षेत्र स्थित गैस सिलेंडर का निर्माण करने वाले संयंत्र गिन्नी इंस्डस्ट्री का इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया। इस दौरान इंडस्ट्री के क्वालिटी कंट्रोल इंचार्ज निलेश कुमार व संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को बारीकी से सिलेंडर निर्माण से जुड़ी तकनीकी जानकारी और निर्माण के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। वहीं बीआईएस जमशेदपुर शाखा के पदाधिकारी (एसपीओ) सौरभ राय ने विद्यार्थियों को वस्तु की गुणवत्ता एवं मार्क से संबंधित यथा आईएसआई मार्क के लिये पंजीकरण, अहर्ता आदि के बारे में आवश्यक जानकारी साझा की। विजिट में सीआईटी के स्टूडेंट्स मेंटर प्रो. विनोद कुमार, प्रो. प्रशांत कुमार, सीआईपी के प्रो. दिव्यांश आयन, प्रो. त्रिशिता घोष, प्रो. जयदेव कुंभकार, हेमंत कुमार प्रियदर्शी के अलावे प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रो. अब्दुल रज्जाक अंसारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुये कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों से विद्यार्थियों को उनके कार्यक्षेत्र में काफी सहूलियत होगी।

### वाईबीएन पब्लिक स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन पब्लिक स्कूल रांची में बुधवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों ने इस गतिविधि में भाग लिया। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को ₹पर्यावरण बचाओ₹ या ₹पेड़ को गले लगाओ₹ के विषय पर पोस्टर बनाना था तथा कक्षा 9 एवं 10 के छात्रों को ₹ग्लोबल वार्मिंग₹ के विषय पर पोस्टर बनाना था। सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के महत्व और इसकी रक्षा की आवश्यकता के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाना था। बच्चों ने इस प्रतियोगिता के जरिये पर्यावरण को बचाने का संदेश अपनी विभिन्न कलाओं के द्वारा दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. चांदनी नाथ ने बताया कि हम सभी को प्राकृतिक सुंदरता को सदैव बनाये रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### शास्त्री चौक दड़दाग ओरमांझी में किसान कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शास्त्री चौक दड़दाग में किसान कॉम्प्लेक्स का विधिवत शुभारंभ पूजा पाठ के बाद बुधवार से कर दिया गया। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह मार्केट अपने आप में ओरमांझी के लिए मिसाल है। लगभग 30 कमरों का यह मार्केट कॉम्पलेक्स चार तल का है। चौथा तल हॉल रखा गया है। कॉम्प्लेक्स के प्रोपराइटर परमेश्वर साहू ने बताया कि इस मार्केट कॉम्प्लेक्स में उचित मूल्य पर दुकानें उपलब्ध हैं। मार्केट में रुम के लिए ओरमांझी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

### बेड़ो में घर का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ायी लाखों की संपत्ति



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवी मंडप के बिजली ऑफिस के समीप बुधवार को दिन में लगभग अपराह्न चार बजे चोरों ने प्रकाश गोप के घर से लगभग एक लाख के जेवर व साठ हजार रुपये नगदी लेकर फरार हो गए। घटना के दिन पत्नी पम्मी देवी,बेटी प्रीति कुमारी व पल्लवी कुमारी बेटा आदित्य कुमार नानी घर टेरो बेड़ो गए हुए हैं वही पिता महादेव गोप मां बैजंती देवी गाय का चारा लेने गए और प्रकाश रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए दिन में घर में ताला लगाकर बेड़ो चौक आया हुआ था। वहीं चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर चोर उनके घर में प्रवेश कर गए और घर की अलमारी में रखे सोने, चांदी के जेवरातों के अलावा नगद रुपए लेकर फरार हो गए। प्रकाश ने बताया कि बुधवार की शाम में पांच बजे जब घर लौटा तो घर का दरवाजा खुला था। साथ ही अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे।अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे नगद रुपये, सोने की जेवरात व अन्य सामान चुरा कर ले गए। उन्होंने कहा कि चोरों ने कमरे को पूरी तरह से खंगाला और घटना को अंजाम दिया। इधर देवी टोली में दिन में हुई इस चोरी की वारदात के बाद बेड़ो वासियों में दहशत व्याप्त है। इधर सूचना मिलते ही मुखिया सुशांति भगत बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया।वही पुलिस ने मामले को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव से की शिष्टाचार मुलाकात

# पलामू को शिक्षा का हब बनाने में संत मरियम की अहम भूमिका: आलोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के नावाहाता स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में चेयरमैन सह झारखंड सरकार के निवर्तमान माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव से बुधवार को जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक के विभिन्न पहलुओं पर अविनाश देव के साथ काफी देर तक चर्चा की। इस दौरान पता चला कि माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन होनेवाला है।


अनिवाश देव से शिष्टाचार मुलाकात करते जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह।

इस पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने झारखंड सरकार से अपील करते हुए कहा कि अतिशीघ्र माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन किया जाये, ताकि झारखंड के लाखों बेरोजगार शिल्पकारों को रोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अविनाश देव का सदा से ही सराहनीय योगदान रहा है। पलामू को शिक्षा का हब बनाने में भी अविनाश देव की सक्रिय भूमिका रही है। वहीं वे हर सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। इस बीच जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने विद्यालय का औचक निरीक्षण भी किया और अनिवाश देव को शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए शुभकामनाएं भी दी। चर्चा के बीच उन्हें पता चला कि उनके अनुज स्वरूप मित्र व मासिक पत्रिका के संपादक विनोद सागर के पुत्र शिवम सागर (चुन्नू) इसी आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत है तो उन्होंने उससे मिलकर शुभाशीष दिया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के अन्य बच्चों के बीच भी कुछ पल बिताए। वहीं इस मुलाकात को यादगार बताते हुए अविनाश देव ने आलोक कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया।

# जांच के लिए अब से कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं: कमलेश

**हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में खुला मेंडाल लैब का निःशुल्क कलेक्शन सेंटर, विधायक ने किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


मेंडाल लैब का उद्घाटन करते विधायक कमलेश कुमार सिंह और अन्य।

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल में मेंडाल लैब का निःशुल्क जांच केंद्र कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह नेकिया। उन्होंने कुष्ठ रोगियों को मेडिकल किट भी प्रदान किया। विधायक ने कहा कि मेडॉल लैब कलेक्शन सेंटर खुलने से यहां की गरीब जनता को बहुत फायदा होगा। जिन्हें जांच कराने के लिए या तो डाल्टनगंज जाना पड़ता था या प्राइवेट लैब में पैसा खर्च कर कराना पड़ता था। वहीं जांच अब हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में निःशुल्क होगा। मरीज अब अपना आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड आदि दिखाकर निःशुल्क जांच करा पाएंगे। इसके अलावा जिन लोगों के पास यह कागजात नहीं होंगे वह भी सरकार द्वारा निर्धारित दर पर जांच करा सकेंगे। उन्होंने मेंडाल लैब के पदाधिकारियों को जांच की गुणवत्ता एवं समय सीमा का ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से चिकित्सकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की अपील की। वहीं, चिकित्सा प्रभारी डॉ दीपक सिन्हा ने बताया कि इस कलेक्शन सेंटर में रक्त, मल मूत्र जांच के अलावा किडनी, हृदय रोग, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड आदि विभिन्न तरह की जांच निःशुल्क की जाएगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, डॉ पीएन सिंह, बीपीएम विभूति गुप्ता, अकाउंटेंट राजीव सिन्हा, मेंडाल लैब से देवांशु राजशेखर के अलावा अस्पताल कर्मी आदि उपस्थित थे।

## जेइइ मेंस द्वितीय फेज में एमकेडीएवी के 9 विद्यार्थियों ने भरी सफलता की उड़ान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनटीए की ओर से आयोजित जेइइ मेन 2023 द्वितीय फेज की परीक्षा में डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्यरत्न पद्मश्री डा पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जेपी शूर निदेशक पीएस-1 के आशीष की देरखेख में संचालित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के 9 छात्रों ने सफलता की नई उड़ान भरी। इनमें प्रिया राज (99.08), राज पांडे (94.77), आस्था कुमारी (88.95), अक्षत सिंह (82.57), रोहित कुमार (80.66), सिद्धार्थ सोनी, (82.28), अनुप्रिया कुमारी (78.66), प्रत्यूष आनंद (81.70) एवं शिखा श्रीवास्तव (72.42) परसेंटाइल के नाम शामिल हैं। इसके पूर्व प्रथम फेज की परीक्षा में इस विद्यालय के 6 छात्रों ने सफलता प्राप्त किया था। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। कहा कि ये सभी बच्चे देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अपने विद्यालय, माता-पिता एवं पलामू जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बताया कि ये बच्चे विद्यालय में ही




पूर्ण मनोयोग से शिक्षा प्राप्त कर, किसी अन्य कोचिंग संस्थान से बिना किसी सहयोग के इस प्रतिष्ठित परीक्षा में स्थान प्राप्त किए हैं। पलामू के परिवेश में विद्यालय स्तर पर ही तैयारी कर इस परीक्षा में स्थान प्राप्त करना विद्यालय की कुशल शिक्षण व्यवस्था एवं योग्य शिक्षकों के निष्ठा पूर्ण योगदान को परिलक्षित करता है। प्राचार्य ने सभी सफल छात्रों एवं उनके माता-पिता को बधाई देते हुए छात्रों को आगामी सभी जेईई एडवांस एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु शुभकामना दी और आशा व्यक्त किया कि ये छात्र उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर उन्नत एवं विकसित राष्ट्र गढ़ने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे।

# हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में 10 तक बाधित रहेगी जलापूर्ति

**आवश्यकता अनुसार शहर में टैंकर से की जाएगी पानी की आपूर्ति : नगर प्रबंधक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में देवरी सोन नदी का जलस्तर नीचे चले जाने और फिल्टर प्लांट की सफाई कार्य को लेकर करीब सात दिनों तक पेय जलापूर्ति बंद रहेगी। इस बाबत नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि सोन नदी से मोटर पंप तक पानी लाने व फिल्टर प्लांट की सफाई कार्य शुरू कर दी गई है। इस कार्य में न्यूनतम एक सप्ताह का समय लगने का अनुमान है। जिस कारण बुधवार से 10 मई तक शहर की पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी। इससे शहर की काफी आबादी प्रभावित होने से नगर पंचायत वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल कराने को लेकर नगर पंचायत कर्मी के अलावे दैनिक भोगी मजदूर को भी लगाया गया है। पेयजलापूर्ति की समस्या को लेकर आज से शहरी क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार टैंकर से पानी आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने पेयजलापूर्ति बाधित रहने के कारण शहर वासियों को हो रही असुविधा के लिए खेद भी प्रकट किया है।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विवि पहुंचे भाजपा के संगठन मंत्री, विधायक से मिल कर जाना उनका हाल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम सहित कई वरीय भाजपा नेता बुधवार को विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय पहुंचे। जहां पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। बताते चलें कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी घुटनो का ऑपरेशन कराने के बाद आरसीयू के विश्राम गृह में स्वास्थ लाभ ले रहे हैं। इस दौरान आरसीयू के कुलाधिपति




सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद विष्णु दयाल राम आदि नेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी भाजपा नेताओं ने साई मंदिर व अष्टभूजी मंदिर में जाकर पूजा भी की। इस मौके पर जवाहर पासवान, बालमुकुंद सहाय, भोला चंद्रवंशी, रामचंद्र यादव, पंकज लाल, विधायक नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, दामोदर यादव, उदेश्वर यादव, मनीष कुमार, भिखारी साव और शमशेर आलम आदि मौजूद थे।

## बारालोटा में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी 10 लाख की लागत से करायेगी दो मंदिर में गुंबद का निर्माण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी पूर्ण सहयोग करेगी। राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सौजन्य से कराया जाएगा। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय)ने कही। वे बुधवार को पांकी रोड बारालोटा भवानीनगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के आधारशिला रखने के क्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण के दौरान ही बारालोटा स्टेडियम के पिछे बन रहे मंदिर में भी गुंबद का निर्माण कराया जाएगा। परशुराम युवा वाहिनी धर्म संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है और धार्मिक स्थलों के संरक्षण का कार्य करने में यकीन रखती है। आधारशिला कार्यक्रम की




अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला व संचालन पंकज शुक्ला ने किया। मौके पर राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडे ने मंदिर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके पूर्व राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी की ओर से युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आधारशिला कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि युवा वाहिनी राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में सहयोग सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। आधारशिला कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक कृष्ण कांत चौबे, किशोर दूबे, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, अनील दूबे, बृजेश शुक्ला, मनु प्रसाद तिवारी, राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के संगठन मंत्री धनंजय जयसवाल, अरविंद कुमार ठाकुर, परशुराम सोनी, राधेश्याम जयसवाल, राहुल कुमार गुप्ता, गोविंद कुमार, सोनू सिंह, राम प्रवेश सिंह, छोटू भारती, सुरेंद्र झा, कयास ठाकुर, विश्वनाथ दूबे, अवध बिहारी सिंह, अवधेश सिंह, अमित कुमार यादव, अमित कुमार जयसवाल, भास्कर पांडे, सरयू ठाकुर, अजय सिंह और मयंक सिंह आदि थे।

# संकट मोचन मंदिर बनने से क्षेत्र में आयेगी सुख-समृद्धि: कर्नल संजय

**पोखरापर गांव में भगवान हनुमान जी की मूर्ति स्थापना को लेकर किया गया भूमि पूजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेलबीघा पंचायत अंतर्गत ग्राम पोखरापर गांव में संकट मोचन भगवान हनुमान जी की भव्य प्रतिमा के निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। धरवासडीह पीठाधीश्वर स्वामी केशवाचार्य जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं प्रवचन के साथ पूजा पाठ कराई। इस अवसर पर समाजसेवी सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय सिंह भी उपस्थित हुए। उन्होंने संकट मोचन हनुमान जी एवं मयार्दा पुरुषोत्तम राम जी के बीच शक्ति एवं भक्ति के बारे में चित्रण करते हुए कहा



कि संकट मोचन के मंदिर बन जाने से क्षेत्र के इस गांव के विकास एवं समृद्धि के साथ ही शांति भी आएगा। इसी लिए राम भक्तों ने संकट मोचन हनुमान जी का भव्य प्रतिमा बनाने का संकल्प लिया है, जो सराहनीय है। वहीं, मुख्य यजमान के रूप में जनेश्वर सिंह और उनकी पत्नी मिना देवी ने पूजन कथा में भाग लिया। इस मौके पर सूबेदार दीपक सिंह, मुकेश कुमार सिंह, संजीव सिंह, बेलबीघा पंचायत के पूर्व मुखिया रामलखन यादव, पूर्व मुखिया महुअरी लालधन ठाकुर, शिल्पकार नारायण जी, समाजसेवी अवधेश सिंह, चंद्रदीप सिंह, हरिहर सिंह, राकेश कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश सिंह, अखिलेश सिंह, राहुल ठाकुर,ओम और लड्डू आदि उपस्थित थे।

## आनंदमार्गी मनायेंगे आनंद पूर्णिमा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरू श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 102वां जन्मदिवस शुक्रवार को मनाया जाएगा। जिसे लेकर आनंदमार्गियों में काफी उत्साह है। उनके लिए यह बड़ा त्योहार होता है। नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति केंद्र को सजा दिया गया है। एक हफ्ता पूर्व से ही जिले के कई हिस्सों में बाबा नाम केवलम कीर्तन हो रहा है। पूरे हफ्ते सुबह चार बजे आनंदमर्गियों द्वारा जागृति परिसर से नगर कीर्तन पूरे शहर में निकाला जा रहा है। वरिष्ठ आनंदमार्गी जगरनाथ जी ने बताया की 1921 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्री श्री आनंदमूर्ति जी का जन्म बिहार के जमालपुर में सुबह 6 बज कर 7 मिनट पर हुआ था। तभी से सभी मार्गी उत्साह से कीर्तन भजन करते है। पूजा खत्म होने के बाद शहर भर में शोभायात्रा निकाल कर धर्म प्रचार किया जाता है।

## स्पोर्ट्स



**चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्ल के बीच बुधवार को खेला गया मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर देना पड़ा। इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला।**

### 4 साल: 249 मैच बाद रद्द हुआ आइपीएल का मुकाबला, 19.2 ओवर का ही हुआ खेल

# बारिश के चलते लखनऊ-चेन्नई का मैच रद्द, दोनों को मिले एक-एक अंक

**एजेंसी**

**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2023 का 45वां मुकाबला बुधवार को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। यह इस सीजन का पहला मुकाबला है, जो बारिश के कारण रद्द हुआ है। जबकि टूर्नामेंट के इतिहास में यह छठा मैच है, जो बेनतीजा रहा है। 249 मैचों के बाद इस लीग का कोई मैच नो रिजल्ट रहा है। इससे पहले, 30 अप्रैल 2019 को बेंगलुरु में आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच बारिश के कारण मैच रद्द हुआ था।


बारिश से पिच को बचाने की कोशिश करते स्टेडियम के कर्मचारी।

जानकारी के मुताबिक लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 7 विकेट 125 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। फिर आगे का खेल नहीं हुआ। वर्षा के कारण पहले चेन्नई को 19 ओवर में 127 रन का संशोधित मिला, लेकिन निर्धारित समय तक बारिश नहीं थमी। ऐसे में मुकाबला रद्द करना पड़ा। इस मैच के रद्द होने से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। लखनऊ की ओर से आयुष बडोनी ने सबसे ज्यादा नाबाद 59 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 20 रन का योगदान दिया, जबकि काइल मेयर्स ने 14 रन का योगदान दिया। जबकि चेन्नई की ओर से मोइन अली, महीश तीक्षणा और मथिश पथिराना ने दो-दो विकेट लिए।

### बडोनी-पूरन की साझेदारी ने लखनऊ को संभाला

45 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद आयुष बडोनी और निकोलस पूरन ने अर्धशतकीय साझेदारी कर लखनऊ की बिखरती पारी को संभाला। दोनों ने 48 बॉल पर 59 रन जोड़े। इस साझेदारी को पथिराना ने पूरन को आउटकर तोड़ा। उधर, लखनऊ की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहले पावरप्ले में 31 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। काइल मेयर्स, मनन वोहरा और क्रुणाल पंड्या सस्ते में पवेलियन लौट गए। इस दौरान महीश तीक्षणा ने दो और मोईन अली ने एक विकेट लिए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** क्रुणाल पंड्या (कप्तान), काइल मेयर्स, मनन वोहरा, करण शर्मा, आयुष बडोनी, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), कृष्णप्पा गौतम, नवीन उल हक, रवि बिश्नोई और मोहसिन खान।

**इम्पैक्ट प्लेयर्स :** डिकॉक, दीपक हुड्डा, डेनियल सैम्स, यश ठाकुर, प्रेरक मांकड।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड, डेवोन कॉन्वे, अजिंक्य रहाणे, मोईन अली, शिवम दूबे, रवींद्र जडेजा, दीपक चाहर, मथीशा पथिराना, तुषार देशपांडे और महीश तीक्षणा।

## हर वंचित, पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्ति के साथ खड़ा है युवा जागृति केंद्र : रजन सिन्हा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय अंबेडकर पार्क के नजदीक पड़े अज्ञात व्यक्ति की सहायता के लिए युवा जागृति केंद्र के कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रयास किये। युवा जागृति केंद्र के वरिष्ठ सदस्य जायद खान की नजर घायल व्यक्ति पर पड़ी, जिसका पैर बहुत खराब हालत में था। जख्म इतना बढ़ चुका था कि उसमें कीड़े आसानी से दिखाई दे रहे थे। व्यक्ति कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं था। यह देख जायद खान ने युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा को संपर्क किया। राजन सिन्हा के निर्देश पर तत्काल दर्जनों कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क परिसर में उपस्थित हो गए। कार्यकर्ताओं की पहल एवं प्रयास से पीड़ित व्यक्ति को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ अमित कुमार ने आश्वासन दिया कि मरीज की हरसंभव सेवा एवं उपचार किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने भी समय-समय पर उपरोक्त व्यक्ति के स्थिति पर नजर बनाए रखने एवं आगे भी हर संभव सहायता देने की बात कही। इस मौके पर बादल, नीरज तिवारी, मंगल सिंह, प्रिंस सिंह, श्रवण सिंह, मोहित साहू, कृष्णा यादव, रितिक, सत्यम, अभिषेक, आनंद, राहुल, चंदन सिंह, उपेंद्र यादव, एस एस खान आदि उपस्थित थे।

### सीटू की 18 सूत्री मांगों को लेकर कारो पीओ के साथ हुई एजेंडा बैठक

# बकाया वेतन का जल्द हो भुगतान नहीं तो होगा आंदोलन: पंकज महतो

**प्रबंधन ने अधिकांश मांगो को पूरा करने में जताई सहमति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



प्रबंधन के साथ बैठक करते एनसीओइए (सीटू) के सदस्य।

**करगली/बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना में 18 सूत्री मांग को लेकर एनसीओइए (सीटू) के सदस्यों ने कारो पीओ ऑफिस में बुधवार को एजेंडा बैठक की। बैठक का नेतृत्व राज्य सचिव विजय भोई ने की, जिसमें कारो पीओ केडी प्रसाद व अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैछक में सभी मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें 16 से 28 फरवरी 2022 में बकाया वेतन का भुगतान का मुद्दा मुख्य रहा। इसके अलावा मजदूरों का संडे ड्यूटी, पर्मोशन, पेयजल की व्यवस्था, आवास की व्यवस्था तथा कंपनी के द्वारा मुहैया कराए जाने वाले अन्य सुविधा आदि मुख्य रूप से रही। साथ ही ठेका मजदूरों को भी काम करने के लिए सेफ्टी उपकरण परस्पर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गयी। इसमें पीओ कपिल देव प्रसाद ने लगभग मांगों पर सहमती जताते हुए अमली जामा पहनाने का आश्वासन दिया। कहा कि सीटू के सदस्यों की मांग जायज है। इसमें लगभग सभी मांगों पर काम किया जा रहा है। जो बाकी है उस पर भी जल्द ही पहल की जाएगी। वहीं, विजय भोई ने कहा कि लगभग एक वर्ष के बाद एजेंडा बैठक हुई है। सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई है। कारो परियोजना के सचिव, केंद्रीय समिति सदस्य सह बोकारो जिला सहायक सचिव पंकज महतो ने कहा कि विगत 16 फरवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 तक का वेतन भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इन 13 दिनों में 2 दिन संडे का वेतन मिल चुका है। बाकी 11 दिनों का वेतन अभी तक नहीं मिला है। 99 कर्मियों का लिस्ट वेतन के लिए प्रबंधन को दिया गया है, पर अभी तक उस पर कोई कार्य नहीं हुआ। अगर प्रबंधन जल्द से जल्द वेतन भुगतान नहीं करती है तो मजबूरन हमें आंदोलन और धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। इस मौके पर कार्मिक प्रबंधक हेमचंद्र महतो, विक्रय अधिकारी संजय सिंह, वित्त अधिकारी आशुतोष कुमार, प्रोजेक्ट इंजीनियर ईएण्डएम विनय कुमार, प्रोजेक्ट इंजीनियर सिविल अनुपम प्रकाश सहित सीटू के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज पासवान, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सिन्हा, लक्ष्मण मोदी, भोला रजक, सुमित कुमार, सितंबर कुमार, लालो, सागर नायक आदि मौजूद थे।

## 4800 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर मैथन पहुंचा दिल्ली का रूपेश, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चिरकुंडा।** युवाओं को नशे एवं मोबाइल की लत से छुटकारा दिलाने और देश व समाज के लिए अच्छा काम करने के लिए दिल्ली के रूपेश मकवाना नामक युवक ने सेव यूथ सेव नेशन के नारे के साथ दौड़ अभियान की शुरूआत की है। जो विभिन्न जगहों से होते हुए बुधवार को झारखंड के मैथन पहुंचा। बतातें चलें कि रुपेश मकवाना ने 21 फरवरी को दिल्ली के इंडिया गेट से एक गोल्डेन क्वाड्रिलेट्रएल दौड़ का शुभारंभ किया। जो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तामिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल होते हुए 72 दिनों में 4800 किलोमीटर की दूरी तय कर झारखंड में प्रवेश किया। जहां मैथन की वाईएसी क्लब के कोच प्रमोद पासवान के नेतृत्व में क्लब के महिला पुरुष सदस्यों ने मैथन पोस्ट ऑफिस चौक पर कालीपहाड़ी उत्तर पंचायत के मुखिया बबलू चौधरी के साथ माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर रुपेश मकवाना ने कहा कि उनके इस दौड़ का उद्देश्य देश के युवाओं को नशे, मोबाइल आदी के लत से बाहर लाकर देश एवं समाज हित में अच्छा काम करवाने को लेकर जागरूक करना है। हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नही है बस जरूरत है उसे जागृत कर अच्छे कामों में लगाने की। बताया कि रात्रि विश्राम धनबाद में होगा फिर बिहार, यूपी होते हुए दिल्ली इंडिया गेट वापस चले जायेंगे। इस दौड़ के तहत 75 सिटी एवं चार मेजर सिटी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई एवं कोलकाता को स्पर्श करने का लक्ष्य था, जो पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर मुखिया बबलू चौधरी, कोच प्रमोद पासवान, रंजित झा, हरेराम कुमार, सनोज प्रसाद, सुनील कुमार, विकास किस्कू, विजय चौधरी, संध्या कुमारी, पम्मी कुमारी, अंतुरिका कुमारी, आकाश कुमार, प्रोनिता कुमारी, सीमा कुमारी, सूरज कुमार, अनिता कुमारी, श्रावणी कुमारी, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

## प्रज्वाला महिला समिति ने 40 असहाय लोगों में बांटा जरूरत का सामान

**सिजुआ (आजाद सिपाही)।** दीक्षा महिला मंडल की ओर से संचालित प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में बुधवार को प्रज्वला महिला समिति अध्यक्ष काकोली राय की अगुवाई में 40 गरीब असहाय, पुरुष एवं महिलाओं के बीच छाता, सत्तू, गुड़ और लस्सी का वितरण किया गया। काकोली राय ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य किये जाते है। मौके पर रत्ना गुप्ता, बिमला मिश्रा, सुनीता सिंह, संटू झा, वंदना केसरी, संगीता धुर्वे, अनीता कुमार, अर्पणा चौधरी आदि थीं।

## रैपिड एक्शन फोर्स और जिला पुलिस का संयुक्त फ्लैग मार्च

**उपद्रवियों से निपटने को लेकर की गयी रूटीन तैयारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र में जिला पुलिस और रैफ के जवानों ने बुधवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व डीएसपी (कानून व्यवस्था) अरविंद कुमार बिन्हा कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उपद्रवियों से निपटने के लिए विशेष रैपिड एक्शन फोर्स व जिला पुलिस बल की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया है। इसमें धनबाद के विभिन्न थानों में यह कार्यक्रम 6 दिनों तक चलाया जाएगा। फ्लैग मार्च में दंगा नियंत्रण वाहन और पुलिस प्रशासन की पेट्रोलिंग वाहन हूटर बजाते हुए कतारबद्ध लाइन से फ्लैग मार्च करते दिखे। वहीं, रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट ने बताया कि यह झारखंड में एक रूटीन कार्यक्रम के तहत जिला पुलिस के साथ समन्वय बनाकर उपद्रवियों से निपटने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जाता है, ताकि किसी भी विशेष परिस्थिति में हुड़दंगियों एवं उपद्रवियों से निपटने के तरीके सिखाए जाते हैं। रैपिड एक्शन फोर्स के झारखंड में दो प्लाटून हैं, जिसमें पहला प्लाटून जमशेदपुर और दूसरे पलाटून की ओर से धनबाद में जिला पुलिस के साथ समन्वय बनाकर सभी संवेदनशील थाने में फ्लैग मार्च करना है। अधिकारियों ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में आरएएफ जवान कर्तव्यनिष्ठा से हमेशा से प्रयत्नशील रहे है। विपरीत परिस्थिति में लोगों के बीच शांति और सौहार्द्र कायम करने के लिए आरएएफ भरोसेमंद नाम है।

## भाग रहे मोबाइल चोर को लोगों ने दौड़ा कर पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया।** थाना क्षेत्र के पोद्दारपाड़ा में बुधवार की सुबह एक चोर को मोबाइल चोरी करना महंगा पड़ गया। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार भूतगड़ीया निवासी मोहम्मद असफाक अपनी पत्नी के साथ धर्मशाला रोड स्थित एक निजी अस्पताल में अपने एक रिश्तेदार से मिलने के बाद वापस घर लौट रहे थे। पोद्दारपाड़ा से गुजरने के दौरान शर्ट के उपर की जेब में रखे मोबाइक फोन को एक चोर ने पीछे से झपट लिया और वहां से भागने लगा। असफाक जब तक बाइक संभालता तब तक चोर कुछ दूर भाग चुका था, लेकिन उसके शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की नजर मोबाइल चोर पर पड़ गई और लोगों ने चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद चोर की जमकर पिटाई की गयी। उसके बाद लोगों ने ही चोर को झरिया पुलिस के हवाले कर दिया। उधर. पुलिस चोर को इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम ले गयी। उसकी पहचान राजा अंसारी के रूप में हुई है। वह ऊपरकुल्ही का रहने वाला है। दूसरी ओर, मो असफाक ने मामले की झरिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सिंफर में स्वच्छता को लेकर प्रभात फेरी निकाल लोगों को किया गया जागरूक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सिंफर में शपथ ग्रहण के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए प्रभात फेरी सह स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सिंफर के निदेशक के नेतृत्व में प्रभात फेरी सिंफर सामुदायिक भवन में सुबह 7 बजे निकली, जो गेट नंबर-01 से होते हुए सामुदायिक भवन एवं आवासीय परिसर होते हुए सत्कार अतिथि गृह पहुंच कर समाप्त हुई। प्रभात फेरी सह स्वच्छता जागरूकता रैली में शामिल वैज्ञानिक, अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली में तख्तियों पर लिखे स्वच्छता संबंधी स्लोगन एवं संदेश से लोगों को जागरूक किया गया। इस प्रभात रैली में सफाई कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रभात रैली के साथ ही आवासीय परिसर और निकटवर्ती स्थानों में जहां भी गंदगी थी, उसकी सफाई की गई। इस प्रभात फेरी एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान में संस्थान के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा, आर लोलारक, डॉ एसके मंडल, डॉ पीके मंडल, डॉ डी बसाक, डॉ एसके कश्यप, डॉ अभय सिंह, डॉ सिद्धार्थ सिंह, डॉ एमपी राय, सर्वश्री आलोक शर्मा, कुमार राहुल, पीके दास, रानू कुमार, सुनील कुमार, पीडी लाकड़ा, राकेश कुमार, पीएन ठाकुर, नीरज कुमार, आकाश कुमार कर्ण, विक्रम कुमार, सोमेंद्र मोहंती समेत लगभग 100 अन्य वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

## रवींद्र मिश्रा बने सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**फुसरो/बेरमो।** रविंद्र मिश्रा को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ का कार्यकारी अध्यक्ष सह सीसीएल स्तर बोर्ड के संयुक्त सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। इसे लेकर पूरे बेरमो कोयलांचल में हर्ष है। बताते चलें कि रविंद्र मिश्रा सर्वप्रथम सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के एक छोटे कार्यकर्ता के रूप में सदस्यता ग्रहण की थी। संगठन में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शाखा स्तर के सचिव बनाए गए। उसके बाद क्षेत्रीय सचिव, संयुक्त महामंत्री, उपाध्यक्ष सह वेलफेयर बोर्ड सदस्य जैसे संगठन के विभिन्न पदों पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। आज संगठन ने उनके इस जुझारूपन, कर्मठता और मजदूरों के हितों के लिए किए गए कार्यशैली को देखते हुए सीसीएल के संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य का दायित्व दिया है। जो काफी अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि जो भी जिम्मेवारी संगठन ने हमें दी है उसपर खड़ा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। उधर, संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य बनाए जाने पर मजदूरों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब हम सभी की समस्याओं को सरलता पूर्वक समाधान संभव हो पाएगा। इस मौके पर सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, बीएंडके एम कोटेश्वर राव, एसओपी ढोरी प्रतुल कुमार, एसओपी बीएण्डके राजीव कुमार, पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, बोकारो जिला भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संत सिंह, सीसीएल सीकेएस महामंत्री राजीव रंजन सिंह, संजय कुमार चौधरी, आर ईगिनेश, निर्गुण महतो, जेपी झा, ढोरी के क्षेत्रीय सचिव विनय सिंह, कुलदीप, विनय पाठक, हीरालाल रविदास, वीरेंद्र गुप्ता, राजेश पासवान, अजय सिंह, नुनुचंद महतो, प्रमोद गौतम, भुनेश्वर यादव, गौतम लोहार, फूलचंद किष्को, राजकुमार मंडल, दिलीप मारिक, रामनिहोरा सिंह, राजू स्वामी आदि ने बधाई दी है।

### केंद्र सरकार की आलोचना, कहा- सरकारी कल-कारखानों का किया जा रहा निजीकरण

# झारखंड में जल्द बने नियोजन, स्थानीय और विस्थापन नीति: अरूप चटर्जी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बैठक में उपस्थित निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी व अन्य गणमान्य।

**बोकारो।** चास स्थित एक नीजि होटल में सामाजिक संगठन लोक विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी भी शामिल हुए। बैठक में समाज के बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोगों ने चास बोकारो में व्याप्त समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया। लोक विकास समिति के वनमाली दत्ता ने कहा कि चास-चंदनकियारी एवं बोकारो के लोग आज खुद को अनाथ महसूस कर रहे हैं। धनबाद के सांसद पीएन सिंह कभी भी क्षेत्र में नजर नहीं आते हैं। पलायन की समस्या हो या विस्थापितों और किसानों की, उन्होंने कभी भी उनकी आवाज को नहीं उठाया। आज जनता की समस्याओं पर आंदोलन नहीं होता है। ऐसी परिस्थिति में झारखंड में भी महागठबंधन बने और धनबाद लोकसभा से कॉमरेड अरुप चटर्जी को प्रत्याशी बनाया जाय। तभी गरीब-गुरबा को उसका अधिकार मिलेगा और भाजपा जैसी सामंती शक्ति को परास्त किया जा सकता है। वहीं, मासस के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया है। जनता के सामने पानी, बिजली, नाली और सड़क की समस्या है।

## विश्व अस्थमा दिवस पर बीजीएच में संगोष्ठी आयोजित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर बुधवार को बोकारो जनरल अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीबी करुणामय की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ आरके गौतम, एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ वर्षा घाणेकर, एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अनिरुद्ध बंदोपाध्याय, एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ अनिल अग्रवाल, सीनियर डीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ साकेत मिश्रा सहित बोकारो जनरल अस्पताल के विभिन्न विभागों के चिकित्सक उपस्थित थे। संगोष्ठी में डॉ आरके गौतम ने अस्थमा से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। कहा कि सार्वजनिक रूप से इन्हेलर को लेकर कई मिथक हैं जैसे कि बार-बार इनहेलर लेने से इसकी आदत बन जाएगी या बच्चों का विकास रुक जाएगा आदि, जो कि सच नहीं है। इनहेलर गर्भावस्था में भी लेना सुरक्षित माना गया हैं। डॉ अनिल अग्रवाल एवं डॉ साकेत मिश्रा ने भी अस्थमा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

**Government of Jharkhand, Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004
**NOTICE INVITING TENDERS, (National Competitive Bidding Through e-Procurement)**

**e-Tender No.- 04/2023-24** **Dated: 02.05.2023**

**2nd Call**
**Very Short Tender Notice**
**(PR NO.- 287514)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY-III).

| Sr. No. | Package ID | District Name | Block name | WORK NAME | Road/ LSB | Package wise Roads Length (in km) | Cost of Const. and Maint. With GST (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH-P3-22-23-SRK-07 | Saraikela Kharsawan | Saraikela Sadar | MRL05-T05 Ukari to Sobhapur (MRL04) via Palashdih, Sindri, Bhalukpahari. | Road | 21.55 | 1,501.68 | 30.04 | 12 Months |
| | | | Saraikela Sadar | T06-T04 Dhatkidih to T01 Saraikela via Hatia, Pandra | Road | | | | |
| 2 | JH-P3-22-23-WSM-07 | Pashchimi Singhbhum | Khuntpani | MRL12-MRL09 to Kendutola | Road | 21.76 | 1,644.94 | 32.90 | 12 Months |
| | | | Khuntpani | T03-KHUNTA TO BHOYA VIA ABURU RUIDIH | Road | | | | |
| | | | Khuntpani | T06-T04 TO BARA KUDABERA VIA GARA RAJABASA ULIRAJABASA KITA HATU | Road | | | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | 04.05.2023 at 10.00 AM | 15.05.2023 upto 5.00 PM | 10.05.2023 upto 2.00 PM | 15.05.2023 upto 5.00 PM | 15.05.2023 at 05.30 PM | To be informed later |

* Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.
** Cost may change.

**Note :-**

1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Chief Engineer**
**JSRRDA, Ranchi**

PR 296411 Rural Work Department(23-24)#D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# एम्स भुवनेश्वर ने सीसीआरएच के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

## इसका उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा दवाओं के अधिक उपयोग को कम करना है



भारत सरकार की कहावत, वन नेशन, वन हेल्थ को ध्यान में रखते हुए एकीकृत चिकित्सा पर एम्स भुवनेश्वर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** होम्योपैथी को मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में एकीकृत करने और अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए उत्पादक तालमेल प्रदान करने के उद्देश्य से, एम्स भुवनेश्वर और सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी (सीसीआरएच) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। दो प्रमुख संस्थानों के बीच यह समझौता ज्ञापन वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर इस विज्ञान को स्थापित करने के लिए अनुसंधान के लिए एक कांपैक्ट मंच प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य इन तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में आधुनिक चिकित्सा दवाओं के अधिक उपयोग को कम करना है। आयुष मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत एम्स भुवनेश्वर और सीसीआरएच ने एम्स में इंटीग्रेटिव मेडिसिन विभाग स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना शुरू किया है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विस्वास ने कहा कि समझौता ज्ञापन होम्योपैथी के वैज्ञानिक साक्ष्य का पता लगाने और स्थापित करने की गुंजाइश प्रदान करेगा।

### समझौता ज्ञापन के परिणाम निश्चित रूप से स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देंगे

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, दो राष्ट्रीय संस्थानों के पास होम्योपैथी में दवा की चिकित्सीय प्रतिक्रिया और उपचार के प्रोटोकॉल के लिए सहयोगी अनुसंधान का दायरा होगा, डॉ. विस्वास ने कहा, समझौता ज्ञापन से प्रसन्न, सीसीआरएच के महानिदेशक (डीजी) डॉ. सुभाष कौशिक ने कहा है कि होम्योपैथी में अपने वैज्ञानिक प्रमाणों के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य प्लेटफार्मों के दायरे में वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक एकीकृत प्रणाली के रूप में व्यापक क्षमता है। भारत सरकार की कहावत, वन नेशन, वन हेल्थ को ध्यान में रखते हुए एकीकृत चिकित्सा पर एम्स भुवनेश्वर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। डॉ. कौशिक ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के परिणाम निश्चित रूप से स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देंगे और जनता को लाभांवित करेंगे। होम्योपैथी की व्यापक लोकप्रियता और लागत-प्रभावशीलता इसे आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में एकीकरण के लिए एक स्थायी प्रणाली बनाती है।

### कोविड के दौरान होम्योपैथी एक मिसाल साबित हुई

इस अवसर पर विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य सेवा में होम्योपैथी को एकीकृत करने से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वकालत के अनुसार सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) हासिल करने में मदद मिलेगी। कोविड महामारी के दौरान होम्योपैथी मानव चिकित्सा के लिए सहायक देखभाल की एक मिसाल साबित हुई। एकीकृत होम्योपैथिक देखभाल ने परिषद के अनुसंधान केंद्रों और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्थाओं में कोविड-19, डेंगू, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, पोस्ट कोविड बीमारी, कैंसर देखभाल, तीव्र ओटिटिस मीडिया, मानसिक रोगों के लिए विभिन्न सफल एकीकरण और परिणाम प्रदान किये हैं। अन्य लोगों में एम्स भुवनेश्वर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार परिदा, डीन रिसर्च डॉ. सत्यजीत मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, आयुष विभाग डॉ. प्रशांत कुमार साहू, डॉ. सुभाशीष सरकार, डॉ. आसिफ सरदार, डॉ. अजीत कुमार प्रधान, संतोष कुमार साहू और सीसीआरएच से डॉ. देबदत्त नायक, डॉ. उमाकांत प्रुस्टी, डॉ. करणप्रीत नाहर इस अवसर पर उपस्थित थे। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि होम्योपैथी का उपयोग विभिन्न रोग स्थितियों जैसे मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर, बाल चिकित्सा शिकायतों, पुरानी त्वचा संबंधी समस्याओं, ऑटोइम्यून रोग की स्थिति, मनोदैहिक विकार, जीवन शैली विकार, एलर्जी की स्थिति आदि में एक चिकित्सीय उपाय के रूप में किया गया है। होम्योपैथी कैंसर, लाइलाज बीमारियों, एचआइवी/एड्स आदि जैसी स्थितियों में उपशामक देखभाल प्रदान करने और रोगी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उपशामक देखभाल में भी इसका उपयोग किया जाता है। बच्चों में डायरिया, बच्चों में श्वसन पथ के संक्रमण, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटाइड अर्थराइटिस, रेस्पिरेटरी एलर्जी आदि फुफ्फुसीय रोग आदि है।

## एआइ फेफड़ों से जुड़ी विभिन्न बीमारियों का पता लगायेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) फेफड़ों से जुड़ी विभिन्न बीमारियों का पता लगायेगा। हाल ही में किम्स-भुवनेश्वर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्लम कुमार महाकुड और देश के अन्य प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों के संयुक्त शोध में यह दावा किया गया है। इस शोध में बायोसाइंस एंड बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर हेमचंद्र झा, आइआइटी इंदौर के गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एम. तनबीर और कोइथ्राम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डॉ. सुचित्रा प्रमुख शामिल हैं। इस संबंध में हाल ही में एक जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यह दिखाया गया है कि फेफड़ों और अन्य महत्वपूर्ण जैव रासायनिक मापदंडों की सीटी-स्कैन रिपोर्ट का एआई द्वारा अच्छी तरह से विश्लेषण किया जा सकता है। भविष्य में फेफड़ों के हिस्सों पर और अध्ययन किए जा सकते हैं। किम्स के कोविड अस्पताल में 2020 से आए कोविड मरीजों की सीटी-स्कैन रिपोर्ट की जांच करने पर पता चला कि ज्यादातर मरीजों के फेफड़े खास तौर पर प्रभावित थे।

## छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने पर सोआ में औद्योगिक संवादात्मक कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** उद्योग द्वारा आवश्यक विभिन्न कौशलों को विकसित करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्नातक तैयार करने की आवश्यकता पर शिक्षा ओ अनुसंधान (सोआ) में शनिवार को आयोजित ' हाल के विकास और प्रमुख उद्योगों में चुनौतियां' पर एक दिवसीय औद्योगिक इंटरएक्टिव कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के उभरते क्षेत्रों में काम की भविष्य की चुनौतियों, निर्माण उद्योगों में कार्यबल और कार्यस्थल, मुख्य उद्योगों के सुधार में बाधा डालने वाली चुनौतियां, स्मार्ट निर्माण के अवसर और डेटा विज्ञान के अनुप्रयोग, आर्टिफिशियल जैसे विषयों पर केंद्रित था। उद्योगों में इंटेलिजेंस (एआइ) और मशीन लर्निंग (एमएल) कार्यशाला का आयोजन तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, सोआ के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा किया गया था। प्रिय रंजन प्रसाद प्रबंध निदेशक ब्राह्मणी रिवर पेलेट्स लिमिटेड कलिंग नगर, डॉ. सचिकांत कर विभागाध्यक्ष गुणवत्ता और परामर्श सीटीटीसी भुवनेश्वर और श्री सनत कुमार मिश्र निदेशक और सीइओ सनस्टोन सोलर सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड, राजीव शर्मा महाप्रबंधक मानव संसाधन और प्रशासन मेटालिक्स और नवराज सिंह प्रशिक्षण प्रमुख जीएमआर पावर प्लांट ढेंकानाल, जिन्होंने इंजीनियरिंग छात्रों के कैरियर की संभावनाओं के बारे में चर्चा की। प्रो. पीके. साहू डीन आइटीइआर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रो. जेके. नाथ सोआ के डीन (अनुसंधान और प्लेसमेंट) ने प्रमुख उद्योगों में अवसरों के बारे में बात की।

## 'माइंड मैनेजमेंट और सामंजस्यपूर्ण संबंध' पर संगोष्ठी आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल द्वारा 02 मई 2023 को अधिकारी क्लब, रेल नगर, संबलपुर में 'माइंड मैनेजमेंट' और 'सामंजस्यपूर्ण संबंध' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। और बीके. सीताराम मीणा, सेवानिवृत्त, आइएएस और सिस्टर विधात्री, इंजीनियर, स्पीकर और आध्यात्मिक परामर्शदाता, ब्रह्माकुमारी, संबलपुर, वक्ता के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियों से प्रतिभागियों को माइंड मैनेजमेंट सीखने का अवसर मिलेगा। वक्ता बीके. सीताराम मीणा और सिस्टर विधात्री ने उपस्थित प्रतिभागियों को माइंड मैनेजमेंट की विभिन्न तकनीकों और रिश्तों में सामंजस्य करने के सुझावों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, आनंद सिंह, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्यों और सभी अधिकारियों ने सेमिनार में भाग लिया। संबलपुर के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जुसुफ कबीर अंसारी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## छात्रों ने एनटीए-नेट और एसडीआइपीआरओ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

**ओडिशा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के छह छात्रों ने हाल ही में शिक्षा और नौकरियों के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करके अपनी पहचान बनायी है। तीन छात्रों ने अखिल भारतीय एनटीए यूजीसी नेट परीक्षा पास की है। इनमें 2017-19 बैच के जयदेव मजूमदार, 2018-20 बैच के सनत पाधी और 2020-22 बैच की मौसमी जेना ने एनटीए नेट पास किया है। विभाग के तीन छात्रों का चयन भी अनुमंडल सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के पद पर हुआ है। परीक्षा 2023 में ओड़िशा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई थी। इनमें 2010-12 बैच की तनुजा मोहंती, 2011-13 बैच के प्रहलाद कासला और 2017-19 बैच के अविनाश पाणि शामिल हैं। चक्रधर त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपनी संतुष्टि व्यक्त की और विभाग की उपलब्धियों के लिए उत्कृष्ट छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

## सोआ में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पालित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव बिष्णुपद सेठी ने कहा कि ओडिशा में पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन के क्षेत्र में सुधार के कारण किसानों में आत्मविश्वास आया है और वे कोविड महामारी की दुर्दशा से उबरने में सफल रहे हैं। श्री सेठी जो पहले मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के प्रभारी थे, उन्होंने कहा कि जो किसान पशुधन पर निर्भर थे, वे दो साल की कोविड महामारी के दौरान जीवन यापन करने में सक्षम हो गए हैं। श्री सेठी ने पिछले शनिवार को पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन संस्थान (आइवीएसएएच) द्वारा संचालित पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन संस्थान (आइवीएसएएच) की ओर से विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह में भाग लेने के दौरान यह बात कही। श्री सेठी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 2002 में गोजातीय प्रजनन नीति तय करने के बाद कई कार्यक्रम शुरू किए गए और इस क्षेत्र में आय भी दोगुनी हो गई।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**